सुविचार
आपका खुश रहना ही आपका बुरा चाहने वालो के लिए सबसे बडी सजा हैं।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 14 June 2023 ● Year : 01 ● Issue : 148 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com

08
14 घंटे तक पानी में रहीं रकुल

SHARE

संसेक्स	:	63,143.16
निफ्टी	:	18,716.15

SARAFA

सोना	:	5,675
चांदी	:	79.02

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

पुणे जिले में तेल भरे टैंकर में आग लगने से चार लोगों की मौत

MUMBAI : मुंबई-पुणे हाईवे पर खंडाला घाट के कुने गांव के पास मंगलवार को दिन में तकरीबन 11 बजे तेल टैंकर में अचानक आग लगने से चार लोगों की मौत हो गई है और तीन लोग झुलस गए हैं। टैंकर में लगी आग ने दो अन्य वाहनों को भी घेरे में ले लिया। तीनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया है। इस घटना के बाद मुंबई-पुणे हाईवे पिछले चार घंटों से बंद है और ट्रैफिक अन्य मार्गों पर डायवर्ट किया गया है। लोनावाला पुलिस के मुताबिक फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां मौके पर आग बुझाने में लगी हैं, लेकिन अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। पुलिस के अनुसार खंडाला घाट पर कुने गांव के पुल पर तेल से भरा टैंकर अचानक पलट गया और टैंकर में आग लग गई। कुने गांव के पुल के नीचे सड़क पर खड़े दो वाहनों में टैंकर में लगी आग पहुंच गई। घटनास्थल से गुजर रहा एक दुपहिया वाहन चालक की भी मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए है। अब तक इस घटना में चार लोगों की मौत हो चुकी है। खबर लिखे जाने तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं की जा सकी थी।

कुपवाड़ा में दो आतंकी ढेर तलाशी अभियान जारी

KUPWARA : कुपवाड़ा जिले की नियंत्रण रेखा के समीप दोबनार माछिल इलाके में सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ के दौरान दो आतंकियों को मार गिराया है। क्षेत्र में सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी है। मंगलवार दोपहर कुपवाड़ा जिले के दोबनार माछिल इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस की एक संयुक्त टीम ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी करके तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को पास आते देखकर आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। समाचार लिखे जाने तक मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हो पाई है। सुरक्षा बलों को क्षेत्र में अन्य आतंकियों की मौजूदगी की आशंका है, जिसके चलते तलाशी अभियान जारी रखा गया है।

असर दिखाने लगा तूफान BIPERJOY, समुद्र में उठ रही कई फीट ऊंची लहरें, कल टकराएगा कच्छ तट से

मुंबई के मरीन ड्राइव पर हाई टाइड, जुहू बीच पर नहाने गए पांच युवक बह गए

AGENCY NEW DELHI : अरब सागर में उठे चक्रवात तूफान बिपरजॉय का प्रभाव भारत में दिखना शुरू हो गया है। हालांकि इसके भारत पहुंचने में अभी दो दिन का समय है। बिपरजॉय की वजह से मंगलवार को समुद्र में कई फीट ऊंची लहरें उठ रही हैं। इसके कारण पश्चिम-दक्षिण तटीय इलाकों में बारिश भी हो रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि बिपरजॉय अभी पोरबंदर से 290 किलोमीटर और जखाऊ बंदरगाह से 360 किलोमीटर की दूरी पर है। बिपरजॉय 15 जून की शाम तक जखाऊ बंदरगाह के पास सौराष्ट्र और कच्छ के तट से टकराएगा। इसे बेहद गंभीर श्रेणी में रखा गया है।

चक्रवाती तूफान बिपरजॉय के प्रभाव से समुद्र में उठती लहरें ● एजेंसी

उधर, बिपरजॉय की वजह से मुंबई में मरीन ड्राइव पर हाई टाइड देखा गया। जुहू बीच के पास सोमवार को ऊंची लहरों की चपेट में आने से पांच युवक डूब गए। बिपरजॉय को लेकर तटीय इलाकों में चेतावनी जारी की गई है। बिपरजॉय 16 जून तक राजस्थान पहुंचेगा। इस वजह से उत्तर पश्चिम रेलवे ने कुछ ट्रेनों को रद कर दिया है। राजस्थान के कई इलाकों में 16-17 जून को भारी बारिश होने की संभावना है। तूफान के खतरे को देखते हुए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने 12 टीमें तैनात की हैं। 15 टीमों को आपात स्थिति के लिए तैयार रखा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बिपरजॉय के कारण दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गुरुवार और शुक्रवार को हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है।

संवेदनशील इलाकों से लोगों को निकाला गया

बिपरजॉय की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को समीक्षा बैठक में संवेदनशील स्थलों से लोगों की निकासी सुनिश्चित करने को कहा। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद ट्वीट किया-हमारी टीम संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों की सुरक्षित निकासी और आवश्यक सेवाओं का रखरखाव सुनिश्चित कर रही है। सभी की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना। बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा, कैबिनेट सचिव राजीव गौबा, पृथ्वी विज्ञान सचिव एम रविचंद्रन, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य कमल किशोर और भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र शामिल हुए। भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने समीक्षा बैठक में जानकारी दी कि चक्रवात बिपरजॉय के 15 जून की दोपहर तक गुजरात के जखाऊ बंदरगाह के पास मांडवी और पाकिस्तान के कराची के बीच सौराष्ट्र और कच्छ को बहुत ही गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में पार करने की उम्मीद है।

LAND SCAM : ED ने विष्णु अग्रवाल को 21 जून को किया तलब

CRIME REPORTER RANCHI : जमीन घोटाला मामले में व्यवसायी विष्णु अग्रवाल को ईडी ने फिर नोटिस भेजा है। उन्हें भेजे गए नोटिस के मुताबिक रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा है। उन्हें 21 जून को हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचने को कहा गया है। इससे पहले विष्णु अग्रवाल को ईडी ने बुलाया था लेकिन स्वास्थ्य कारणों से उनसे पूछताछ नहीं की गयी थी। इससे पहले व्यवसायी विष्णु अग्रवाल आठ मई को ईडी कार्यालय पहुंचे थे। हालांकि बीमार होने की वजह से बिना पूछताछ किए उन्हें छोड़ दिया गया। ईडी के सक्षम अधिकारी के पास पहुंचने के बाद उन्होंने अपनी बीमारी का हवाला दिया। साथ ही उठने-बैठने में दिक्कत होने की बात उन्होंने अधिकारी को बतायी। जिसके बाद सक्षम अधिकारी ने यह बात लिखित रूप में मांगी। लिखित रूप से विष्णु अग्रवाल की ओर से दिए जाने के बाद उन्हें घर जाने दिया गया।

पहली बार 28 अप्रैल हुई थी बुलाहट

लैंड स्कैम मामले में सबसे पहले उन्हें 28 अप्रैल को हाजिर होने के लिए समन भेजा गया था। हालांकि विष्णु अग्रवाल ने बीमार होने की बात कह ईडी से बाद में हाजिर होने के लिए समय मांग लिया था। उनके अनुरोध पर ईडी ने उन्हें अब आठ मई को हाजिर होने का निर्देश दिया था। मंगलवार को ईडी ने तीसरी नोटिस भेजकर 21 जून को हाजिर होने का निर्देश दिया है।

निलंबित इंजीनियर बीरेन्द्र राम की पत्नी और पिता ने दाखिल की जमानत याचिका

जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व चीफ इंजीनियर बीरेन्द्र राम की पत्नी और पिता ने अग्रिम जमानत अर्जी ईडी कोर्ट में दाखिल की है। बीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है। फिलहाल दोनों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। ईडी द्वारा टेंडर मैनेज कर करोड़ों रुपये की अवैध कमाई करने के केस में दाखिल प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन में बीरेन्द्र राम के पिता गेंदा राम और पत्नी राजकुमारी देवी का नाम भी शामिल था। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों के खिलाफ समन जारी किया है। बता दें कि ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर बीरेन्द्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर बीरेन्द्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी को लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इस केस में ईडी बीरेन्द्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

JTET : HC ने पूछा- 2016 के बाद क्यों नहीं ली परीक्षा

राज्य सरकार को एक सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को झारखंड सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि झारखंड में वर्ष 2016 के बाद से जेटेट की परीक्षा क्यों नहीं ली गई? कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को एक सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 20 जून निर्धारित की है। खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए जेटेट परीक्षा से संबंधित हाई कोर्ट में दायर अन्य याचिकाओं को भी इस याचिका के साथ संलग्न कर इसकी सुनवाई एक साथ करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार, अधिवक्ता कुशल कुमार, विशाल कुमार ने पैरवी की। याचिकाकर्ता ने राज्य सरकार को जेटेट परीक्षा शीघ्र लेने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया है। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि बीते सात वर्षों से झारखंड में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं हो रही है। याचिकाकर्ता ने प्रार्थना की है कि सीटेट को भी जेटेट की तरह झारखंड में मान्यता दी जाए। क्योंकि, राज्य सरकार जेटेट की परीक्षा कराने में पिछले सात साल में असफल रही है। ऐसे में सीटेट पास अभ्यर्थियों की उम्र सीमा भी धीरे-धीरे खत्म हो रही है।

विधानसभा नियुक्ति मामले में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच में झारखंड विधानसभा में करीब डेढ़ सौ लोगों की अवैध नियुक्ति की जांच कराने का आग्रह करने वाली शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में विधानसभा सचिव की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल किया गया। कोर्ट ने मामले में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट विधानसभा सचिव को शपथ पत्र के माध्यम से अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की। सुनवाई के दौरान झारखंड विधानसभा के सचिव की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। कमीशन का कार्यकाल 30 सितंबर तक बढ़ा दिया गया है, रिपोर्ट तैयार किए जाने की प्रक्रिया जारी है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट से कहा कि मामले में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट आई थी, अब इस रिपोर्ट को जांचने के लिए दूसरी कमीशन बनाई गई है। यह उचित प्रतीत नहीं होता है। जिस पर कोर्ट में जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।

दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने विधानसभा सचिव से पूछा था कि जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन की रिपोर्ट का क्या हुआ? यह रिपोर्ट कब तक आएगी। प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बनी थी। जिसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। जिसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था। लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। इस पर विधानसभा की ओर से बताया गया था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की कमीशन की रिपोर्ट पूरी तरीके से स्पेसिफिक नहीं थी। जिस कारण जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद के कमीशन की रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए एक और जस्टिस एसजे मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली कमीशन बनी है।

खुलासा : लोगों को आतंकित करने के लिए की गई थी नरेश भोक्ता की हत्या

RANCHI : राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में खुलासा हुआ है कि लोगों को आतंकित करने के उद्देश्य से नरेश सिंह भोक्ता की हत्या की गई थी। इस साजिश में भाकपा माओवादी के शीर्ष कमांडरों की संलिप्तता का भी खुलासा हुआ है। नरेश सिंह भोक्ता की हत्या में प्रयुक्त हथियार और वाहन बरामद कर लिए गए हैं। एनआईए नरेश भोक्ता हत्याकांड मामले में एनआईए ने चार्जशीट दाखिल किया है।

बंगाल पंचायत चुनाव में केंद्रीय सुरक्षा बलों की होगी तैनाती, HC का निर्देश

अबतक हिंसा की 12 घटनाएं, मामला कलकत्ता हाईकोर्ट तक पहुंचा

AGENCY KOLKATA : पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को होने वाले पंचायत चुनाव से पहले हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। इस बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पंचायत चुनाव में सेंट्रल फोर्सेज की तैनाती का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस शिवगणमन और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की डिविजनल बेंच ने कहा कि चुनाव से पहले ही हिंसा की 12 घटनाएं हो चुकी हैं। इसलिए राज्य चुनाव आयोग उन सभी जिलों में सेंट्रल फोर्सेज लगाए जो संवेदनशील घोषित किए गए हैं। इसके अलावा जिन इलाकों में केंद्रीय बलों को तैनात नहीं किया जा सकता, वहां राज्य पुलिस सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाले। कोर्ट ने केंद्र सरकार को सेंट्रल फोर्सेज उपलब्ध कराने और उसका खर्च उठाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा बेंच ने राज्य चुनाव आयोग को नामांकन दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। बेंच ने कहा कि नॉमिनेशन की तारीख बढ़ाने का फैसला राज्य चुनाव आयोग देखे।

भाजपा और कांग्रेस ने लगाई थी याचिका

पश्चिम बंगाल के चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा ने 8 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पंचायत चुनाव के शेड्यूल का ऐलान किया था। इसके बाद भाजपा और कांग्रेस ने दो जनहित याचिकाएं लगाई थीं। इसमें पंचायत चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के कुछ हिस्सों को चुनौती दी गई थी। वहीं दूसरी याचिका में सेंट्रल फोर्स तैनात करने की मांग की गई थी। पंचायत चुनाव की तारीख बढ़ाने को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में 12 जून को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने मतदान 8 जुलाई के बजाय 14 जुलाई को कराने का प्रस्ताव दिया था। कोर्ट ने नामांकन दाखिल करने की तारीख 15 जून से बढ़ाकर 18 जून और नामांकन वापस लेने की तारीख 26 के बजाय 27 जून करने का सुझाव दिया था। इस पर राज्य चुनाव आयोग की ओर से पेश वकील ने कहा कि नामांकन की तारीख बढ़ाना सही नहीं है। इसे ज्यादा से ज्यादा 15 जून से बढ़ाकर 16 जून तक किया जा सकता है। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

राज्यपाल ने दिया जन संवाद पर जोर

जिला भ्रमण के क्रम में चतरा पहुंचे, समावेशी विकास की दिलाई याद

PHOTON NEWS CHATRA : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि समावेशी विकास के लिए आवश्यक है कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ आसानी से पहुंचे। राज्यपाल ने कहा कि जब तक क्षेत्र भ्रमण कर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, उनकी आकांक्षाओं को न जाना जाय तब तक उनकी समस्या का समाधान संभव नहीं है। इसी उद्देश्य से वह राज्य में स्थित विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर रहे हैं। एक अल्प समय में यह राज्य के 15वें जिला का भ्रमण है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में शपथ लेने के समय ही मैंने कहा था कि राज भवन खुद आम जनता के पास जायेगा। राज्यपाल मंगलवार को चतरा में करमा पंचायत भवन में ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से लोगों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से लेकर उपायुक्त एवं थाना प्रभारी से लेकर पुलिस अधीक्षक तक सभी आप लोगों से मिलेंगे, आप लोग उनसे समय लेकर अपनी समस्याओं से अवगत करायें। उन्होंने एक नागरिक की ओर से उठाए गए मुद्दे के संदर्भ में कहा कि यहां नदी पर डैम का निर्माण शीघ्र हो, इसके लिए पूरा प्रयास किया जायेगा।

लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करते राज्यपाल ● फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि वे जहां कहीं भी जा रहे हैं, वहां सिंचाई की समस्याएं बताई जा रही हैं। इसे गंभीरतापूर्वक लिया जायेगा। सभी परियोजनाएं समय पर पूर्ण हो, ऐसा प्रयास होगा। उन्होंने हुसिया ग्राम में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण न होने की शिकायत प्राप्त होने पर इसका कार्य शीघ्र ही पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी ग्रामों में बेहतर सड़कें हो।

नौकरियों के लिए रेट कार्ड के दिन गए, सरकार का ध्यान युवाओं के भविष्य की सुरक्षा पर : पीएम

मोदी ने 70 हजार युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र

AGENCY NEW DELHI : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरोधियों पर रेट कार्ड से युवाओं को लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि नौकरियों के लिए रेट कार्ड के दिन गए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का ध्यान युवाओं के भविष्य की सुरक्षा पर है। प्रधानमंत्री मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित करते हुए अपनी बात रख रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 70 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय रोजगार मेला वर्तमान सरकार की नई पहचान बन गया है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि भाजपा और राजग शासित राज्य भी नियमित रूप से इसी तरह के रोजगार मेले आयोजित कर रहे हैं। यह देखते हुए कि आजादी का अमृत काल अभी शुरू हुआ है, मोदी ने कहा कि यह उन लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण क्षण है जो सरकारी सेवा में शामिल हो रहे हैं क्योंकि उनके पास अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने में योगदान देने का अवसर है। मोदी ने भर्ती प्रक्रिया में परिवारवाद की राजनीति और भाई-भतीजावाद की बुराइयों के बारे में बात की। प्रधानमंत्री ने नौकरी के लिए नकद घोटाले के मुद्दे पर प्रकाश डाला और इससे जुड़े विवरणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह हर जॉब पोस्टिंग के लिए एक रेस्त्रां में मेन्यू कार्ड के समान एक रेट कार्ड तैयार किया जाता था। उन्होंने नौकरियों के लिए भूमि घोटाले पर भी प्रकाश डाला, जहां देश के तत्कालीन रेल मंत्री ने नौकरी के बदले में जमीन का अधिग्रहण किया था और टिप्पणी की कि मामले की जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है और अदालतों में लंबित है। प्रधानमंत्री ने ऐसे राजनीतिक दलों के युवाओं को चेताया जो वंशवाद की राजनीति करते हैं और नौकरी के नाम पर देश के युवाओं को लूटते हैं। मोदी ने कहा, एक तरफ हमारे पास राजनीतिक दल हैं जो नौकरियों के लिए रेट कार्ड पेश करते हैं, दूसरी तरफ यह वर्तमान सरकार है जो युवाओं के भविष्य की रक्षा कर रही है। अब देश तय करेगा कि युवाओं का भविष्य रेट कार्ड से चलेगा या सेफगार्ड से। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि एक दशक पहले की तुलना में भारत अधिक स्थिर, सुरक्षित और मजबूत देश है। उन्होंने उस समय को याद किया जब पहले के समय में घोटाला और जनता का दुरुपयोग शासन की पहचान थी। उन्होंने कहा, आज, भारत अपनी राजनीतिक स्थिरता के लिए जाना जाता है जो आज की दुनिया में बहुत मायने रखता है। आज भारत सरकार की पहचान एक निर्णायक सरकार के रूप में है। आज, सरकार अपने प्रगतिशील आर्थिक और सामाजिक निर्णयों के लिए जानी जाती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक एजेंसियां ईज ऑफ लिविंग, इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्डिंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में काम को स्वीकार कर रही हैं।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ● एजेंसी

महिला पहलवानों के मामले में दिल्ली पुलिस की जांच पर झामुमो ने उठाए सवाल

PHOTON NEWS RANCHI

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा सांसद बृज भूषण सिंह के यौन शोषण के आरोप मामले में दिल्ली पुलिस की जांच को लेकर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियन गेम्स में देश को गौरवान्वित करने वाली महिला पहलवानों और दूसरे खिलाड़ी जनवरी से दिल्ली में आंदोलनरत हैं। पिछले दिनों गृह मंत्री ने खिलाड़ियों से कहा था कि कानून अपना काम करेगा। फिर खेल मंत्री ने कहा कि 15 जून तक चार्जशीट दायर हो जायेगा। अब दिल्ली पुलिस सांसद के खिलाफ आरोप लगाने वाली महिलाओं से सबूत मांग रही। उन्होंने मारपीट की शिकायत दर्ज नहीं करायी थी जो चोट के निशान दिखा पातीं। यौन शोषण, यौन अत्याचार की भुक्त भोगी महिलाएं भला कहीं वीडियो रिकॉर्डिंग रख सकती हैं क्या।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया को संबोधित करते सुप्रियो भट्टाचार्य। ● द फोटोन न्यूज

भट्टाचार्य मंगलवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं के अंगों को गलत नीयत से स्पर्श किया गया, आलिंगन किया गया। इसकी रिकॉर्डिंग कैसे संभव है। ऐसे में लगता है कि केंद्र अपने एक सांसद के जघन्य अपराध को गौरवान्वित कर रहा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री बताएं कि कानून किस दिशा में कैसे काम कर रहा है।

भट्टाचार्य ने कहा कि सांसद बृज भूषण सिंह के खिलाफ यौन शोषण, यौन अत्याचार का आरोप लगाते हुए कई खेल रत्न दिल्ली में धरना पर बैठे है। तब खेल मंत्री ने जांच कमेटी बनायी। इसकी रिपोर्ट सामने नहीं आयी। लोग पूछने लगे कि एफआईआर क्यों दर्ज नहीं हो रही। अंततः सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बाद सांसद के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई। पॉक्सो एक्ट लगा पर नियमतः गिरफ्तारी नहीं हुई। उल्टा उसकी ओर से दबाव देकर बयान बदलवाया गया। अब तो इस एक्ट को भी हटा लिया गया है।

उन्होंने कहा कि 28 मई को जब संसद के नए भवन का प्रधानमंत्री उद्घाटन कर रहे थे, तो पहलवानों को घसीटा गया, पीटा गया। कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए। जब समाज सामने आया तो गृह मंत्री ने अपने पास पहलवानों को बुलाया। कहा कि कानून अपना काम करेगा। फिर खेल मंत्री ने भी बुलाया। सहमति बनी कि 15 जून तक चार्जशीट जमा हो जायेगा। पर अब खबर सामने आयी है कि दिल्ली पुलिस पीड़ितों से सबूत मांग रही है।

शहरी जलापूर्ति योजना के ठेकेदार को बचा रहे हैं प्रभारी मंत्री: दिलीप मिश्रा

KHUNTI : झाविमो के पूर्व जिलाध्यक्ष और समाजसेवी दिलीप मिश्रा ने आरोप लगाया है कि खूंटी जिले के प्रभारी मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव खूंटी शहरी जलापूर्ति योजना के ठेकेदार को बचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को जिला 20 सूत्री की समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना के संवेदक को 45 दिनों की मोहलत देना कहीं न कहीं उसे मदद करने जैसा है। शहरी जलापूर्ति योजना को 2021 में ही पूर होना था। 2021 से लगातार उसको समय दिया गया। इसके बाद मंत्री द्वारा फिर 45 दिनों का समय देने का औचित्य समझ से परे है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी की किल्लत पूरे जिले में है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुएं और तालाब सूख गये हैं। शहर में भी गत तीन-चार दिनों से सप्लाई पानी नहीं मिल रहा है। पानी के लिए लोग तरस रहे है। मवेशी को भी पानी नहीं मिल रहा है। ऐसी स्थिति में भी मंत्री को जलापूर्ति के बारे में गंभीरता से सोचना चाहिए।

मंत्री रामेश्वर उरांव ने पेशरार में आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का किया उद्घाटन

PHOTON NEWS LOHARDAGA

मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने पेशरार प्रखण्ड के झमटवार ग्राम में 42.12 लाख रुपये की लागत से बने आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि मड़ुवा की खेती को बढ़ावा देने के लिए अब किसानों को मड़ुवा का बीज भी उपलब्ध कराया जाएगा।

झमटवार विद्यालय का जवाखाड़ में मर्ज होने के लोगों की शिकायत पर मंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य के ऐसे 4500 विद्यालयों को, जो बंद हो गए हैं, उन्हें पुनः शुरू कराने की तैयारी की जा रही है। धोती/लुंगी-साड़ी वितरण योजना के संबंध में माननीय मंत्री द्वारा आश्वस्त किया गया कि धोती/लुंगी, साड़ी आवंटन आ गया है, अब लोगों को फिर अपने राशन डीलर से धोती/लुंगी-साड़ी मिल सकेगी। राशन कार्डधारकों को अब राशन दुकान से दाल भी मिलेगा। जो युवा दोपहिया वाहन का इस्तेमाल करते हैं वे राज्य सरकार की पेट्रोल सब्सिडी स्किम का लाभ अवश्य लें। प्रत्येक माह सरकार 250 रुपये का मुफ़्त पेट्रोल दे रही है।

भवन का उद्घाटन करते मंत्री रामेश्वर उरांव। ● द फोटोन न्यूज

मंत्री ने कहा कि पेशरार में 27 स्थानों पर अखड़ा का निर्माण कराया जाएगा। इसमें केरार, दुग्गु, हुसरू, होन्हे, रुबेद, मक्का, रोरद, जवाखाड़, पुतरार इत्यादि शामिल हैं। साथ ही 242 परिवारों के लिए 1.67 करोड़ रुपये की लागत से बिजली की समस्या दूर की जाएगी।

मंत्री ने पेशरार, कानीटोली में सांस्कृतिक कला केंद्र पड़हा भवन (धुमकुड़िया) का भी शिलान्यास किया। यह भवन 62 लाख रुपये की लागत से बनेगा, जिसका निर्माण जिला परिषद, लोहरदगा द्वारा कराया जाएगा। मंत्री ने पेशरार प्रखंड कार्यालय परिसर में जनसुनवाई की, जिसमें लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। इस मौके पर बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

झारखंड को बिचौलियों ने किया बदनाम : बाबूलाल

PHOTON NEWS RANCHI

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधा है। मंगलवार को एक के बाद एक किये गये तीन ट्वीट में बाबूलाल मरांडी ने हेमंत के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और दूसरे राज्यों में झारखंड की बन रही छवि और झारखंड की शराब नीति पर हुए घोटाले को लेकर निशाना साधा है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि साहिबगंज 1000 करोड़ खनन घोटाले के प्रमुख आरोपित पंकज मिश्रा की तबीयत खराब होने की खबर है। कैदी के रूप में उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया है। उनका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री हेमंत से अनुरोध है कि वे यूज एंड थ्रो मत करें। पंकज को यूं ही उसके हाल पर भगवान भरोसे मत छोड़िये। पंकज को बेहतर इलाज मुहैया कराने का इंतजाम कराइये।

बाबूलाल मरांडी ने दूसरे राज्यों में बन रही झारखंड की छवि की चर्चा करते हुए ट्वीट किया, पिछले दिनों जब मैं मध्यप्रदेश के दौरे पर था तब कई बार लोगों के झारखंड के संदर्भ में पूछे गए प्रश्नों पर असहज हो गया।पत्रकार बंधुओं के साथ आम लोग भी जब मिल रहे थे तो उनका एक ही प्रश्न था, झारखंड में क्या हो रहा है?हेमंत सोरेन भी इस महालूट में शामिल हैं क्या? उनकी भी गिरफ्तारी होगी?

मैं उनसे इतना ही कहता था कि झारखंड को लुटेरों ने लूटा है लेकिन सबका हिसाब हो रहा है। कुछ का बाकी है जो आने वाले दिनों में होगा। एक झारखंडी होने के नाते मन बहुत तकलीफ से भर जाता है कि देश में हमारे राज्य की छवि को कुछ बेईमान अफसरों, दलालों-बिचौलियों और साहब के गिरोह ने बदनाम कर दिया है। बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की शराब नीति पर भी निशाना साधा है।

केंद्र का पैसा झारखंड में नहीं हो रहा खर्च : वसुंधरा राजे सिंधिया

PHOTON NEWS DEOGHAR

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड के भ्रष्टाचार की चर्चा पूरे देश में है। झारखंड में लगातार अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मिलने वाली विकास की राशि झारखंड सरकार खर्च नहीं कर पा रही है। केंद्र की योजनाओं पर झारखंड सरकार बाधा डाल रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित वसुंधरा राजे सिंधिया व भाजपा नेता। ● द फोटोन न्यूज

वसुंधरा मंगलवार को देवघर में मोदी सरकार के नौ साल के उपलक्ष्य में आयोजित महा जन सम्पर्क अभियान में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के नेतृत्व में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र विकास के मामले में मॉडल बना है। गोड्डा में जिस तरह से विकास के काम हुए हैं, मुझे नहीं लगता है यहां आने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक मेहनत करनी पड़ेगी लेकिन झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीट इस बार भाजपा की झोली में दिलाने का काम कार्यकर्ता करेंगे। वे

उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में एक ऐसी सरकार बनानी है, जो खुद का नहीं, देश का विकास करे, जो खुद का नहीं, लोगों का पेट भरे, जो खुद के लिए नहीं, देश की जनता के लिए सोचे, जो खुद का नहीं, देश का भला करे और ये सिर्फ. नरेन्द्र मोदी की एनडीए सरकार ही कर सकती है। साथ ही कहा कि नरेन्द्र मोदी के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की चर्चा देश में ही नहीं विदेशों में भी हो रही है।

वसुंधरा ने कहा कि जनधन, उज्ज्वला, कोरोना में बिना वक्त गंवाये देशव्यापी लॉकडाउन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, पीएम किसान समृद्धि, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल क्रांति, स्टार्ट अप इंडिया, मुद्रा, प्रधानमंत्री आवास,जीएसटी, तीन तलाक की समाप्ति, सर्जिकल व एयर स्ट्राइक, अनुच्छेद 370 की समाप्ति और अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण का अदालती फैसला भी मोदी की बड़ी उपलब्धियां हैं।

उल्लेखनीय है कि तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आयी राजस्थान की पूर्व सीएम देवघर में जनसभा करने के बाद दुमका और गिरिडीह में भी जनसभा करेंगी।

जैक डोर्सी सफेद झूठ बोल रहे हैं : अनुराग ठाकुर

NEW DELHI : केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने जैक डोर्सी के बयान पर कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा और पारदर्शी लोकतंत्र है। भारत में जब भी चुनाव नजदीक होते हैं तो कुछ विदेशी ताकतें और यहां उनके एजेंट एक योजनाबद्ध तरीके से देश को अस्थिर व बदनाम करने के लिए सक्रिय होते हैं। जैक डोर्सी सफेद झूठ बोल रहे हैं।

उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि ट्विटर के टेकओवर पर ट्विटर फाइल्स को लेकर उनके पक्षपात, छेड़खानी व दुर्भावना पर जो खुलासे हुए, उस पर आज तक उन्होंने जवाब क्यों नहीं दिया?

BRIEF NEWS

अर्जुन मुंडा 15 को करेंगे श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति खूंटी उप केंद्र का उद्घाटन

KHUNTI : जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद 15 जून को पूर्वाह्न 11.00 बजे खूंटी-चाईबासा रोड स्थित एसजीवीएस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परिसर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति खूंटी उप केंद्र (स्व केदारनाथ पोद्दार स्मृति प्रकल्प) का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर राज्यसभा के पूर्व सांसद समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे जबकि लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी एसजीवीएस अस्पताल के निदेशक डॉ निर्मल सिंह ने दी।

छोटू हत्याकांड के आरोपी और पूर्व विधायक की घनिष्ठता की हो जांच: पांकी विधायक

छोटू चंद्रवंशी के परिजनों को राशि देते विधायक। ● द फोटोन न्यूज

PALAMU : पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मंगलवार को नीलाम्बर पीताम्बरपुर क्षेत्र में मृतक छोटू चंद्रवंशी के परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली और परिजनों को 30 हजार आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की। विधायक ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसमें शामिल अपराधियों की जल्द गिरफ्तार करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि छोटू चंद्रवंशी हत्याकांड के आरोपी और पूर्व विधायक की घनिष्ठता की जांच जरूरी है ताकि घटना का उद्भेदन किया जा सके। विधायक ने कहा कि छोटू हत्याकांड में रोहित सिंह और मल्लिक सिंह का नाम सामने आया है। उनपर पूर्व विधायक का वर्षों से संरक्षण प्राप्त हैं। रोहित सिंह और मल्लिक सिंह एक बड़ा टेरर है। एक सप्ताह पूर्व रोहित सिंह और मल्लिक सिंह ने दुकान हटाने की धमकी छोटू को दी थी। एक सवाल के जवाब में डॉ मेहता ने कहा कि चार साल के अंतराल में इस तरह की पहली घटना है। चुनाव नजदीक आते ही क्षेत्र में दहशत पैदा करने के लिए इस तरह की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर छोटू हत्याकांड के आरोपित और पूर्व विधायक की आपसी घनिष्ठता की जांच की मांग करेंगे। उल्लेखनीय है कि 11 जून की रात अज्ञात अपराधियों ने चाउमीन दुकानदार छोटू चंद्रवंशी उर्फ ननकू की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने रोहित सिंह और श्रवण कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस छोटू के दोस्त को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान में जनता का मिल रहा समर्थन : सरोज पांडेय

RANCHI : भाजपा की राष्ट्रीय नेता, जनसंपर्क अभियान की झारखंड प्रभारी सांसद सरोज पांडेय मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर रांची पहुंची। प्रदेश कार्यालय में शाम छह बजे उन्होंने प्रदेश भाजपा कार्यालय में महा जनसंपर्क अभियान की प्रदेश टोली की बैठक को संबोधित किया। सरोज पांडेय ने कहा कि देशभर में महा जनसंपर्क अभियान को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। भाजपा का जनसंपर्क अभियान सर्वव्यापी, सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियां बेमिसाल हैं। जनता तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को अपार समर्थन के साथ प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के पास कोई उपलब्धियां नहीं हैं। इसलिए महा ठगबंधन सरकार चलाने वाले भाजपा के अभियान से डरे हैं। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार ने जनता की भलाई के लिए कुछ किया है तो उन्हें प्रचारित करने से कौन रोका है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता सब जानती है और 2024 के चुनाव में ठगबंधन को सबक सिखाने के लिए तैयार है। बैठक में प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने अंगवस्त्र एवम पुस्तक देकर उनका स्वागत किया। बैठक में गणेश मिश्र, विधायक बिरंची नारायण, प्रशिक्षण प्रमुख मनोज कुमार सिंह, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, अमित कुमार सिंह, राहुल अवस्थी, मृत्युंजय शर्मा, राजश्री जयंती, उमाशंकर केडिया, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

धनबाद के न्यू टाउन हॉल में केंद्र सरकार की ओर से रोजगार मेले का किया गया आयोजन

रोजगार मेले में अन्नपूर्णा देवी व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

DHANBAD : धनबाद के न्यू टाउन हॉल में केंद्र सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेला के आयोजन किया गया। इसमें पक्ष-विपक्ष के विधायक, धनबाद के सांसद सहित केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी मौजूद रही। इस दौरान सरकारी नौकरी पाने वाले युवकों को मंत्री, संसद और विधायकों के द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौकरी पाने वाले युवकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात भी की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा था वह इस रोजगार मेला के माध्यम से वे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार के रोजगार मेले के छठे संस्करण में देश भर के करीब 70 हजार युवाओं के बीच सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र बांटा गया। उन्होंने नौकरी पाने वाले युवाओं से अपील करते हुए कहा कि देश में अभी अमृत काल चल रहा है और इस अमृत काल में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी नौकरी पाने वाले युवा अपनी मेहनत और काबलियत से देश को विकास की उन ऊंचाइयों तक ले जाए जिसकी कल्पना लगातार देश के प्रधानमंत्री करते रहे है। उन्होंने राज्य के हेमंत सोरेन सरकार पर भी अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार अपना चौथा वर्ष पूरा कर चुकी है लेकिन यहां के हालात बद से बदतर हो चुका है। यहां की सरकार विकास और योजनाओं के नाम पर लोगों को एक दूसरे से लड़वा रही है। स्थानीय नीति के नाम पर युवा एक दूसरे से लड़ रहे है। 60-40 के नाम पर यहां के युवा सड़कों पर उतर आए है।

सेवा, सुशासन और गरीबों का हित ही भाजपा सरकार का मूल मंत्र : नरेन्द्र सिंह तोमर

RAEBARELI : केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व की केन्द्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के फामूर्ले पर कार्य कर रही है। सबके विकास के लक्ष्य के चलते ही हर वर्ग का विकास हुआ है। श्री तोमर बछरावां में मंगलवार को मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गरीब, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक आदि सभी के विकास के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा योजनाएं संचालित हैं, जिनका लाभ जनता को मिल रहा है। बछरावां और हरचंदपुर के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब का हित ही भाजपा सरकार का सदैव मूल मंत्र रहा है।

राज्यपाल ने KODERMA के स्वावलंबी गांव अरकोसा पुनर्वास में किया ग्रामीणों से संवाद

सभी मिलकर अपने गांव का करें विकास : राज्यपाल

PHOTON NEWS KODARMA

जिले के मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के स्वावलम्बी ग्राम अरकोसा पुनर्वास में मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधा कृष्णन ने जनता के साथ संवाद किया। योजनाओं का निरीक्षण करने के साथ गांव का विकास भी देखा। इस दौरान राज्यपाल को पारंपरिक तरीके से हाथ से बनाया गया टोपी व गुलदस्ता ग्रामीणों ने भेंट किया। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत बागवानी स्थल का निरीक्षण करने के साथ मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। कोडरमा उपायुक्त आदित्य रंजन ने राज्यपाल को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

राज्यपाल अंग्रेजी में संबोधन कर रहे थे और डीसी आदित्य रंजन हिंदी में अनुवाद कर रहे थे। बोले गांव का विकास होगा, तभी आप का विकास संभव है। सभी लोग मिलकर अपने गांव का विकास करें। इसमें किसी भी तरह की जरूरत हुई तो मैं हमेशा आपके लिए तत्पर हूं। राज्यपाल पद की शपथ लेने के बाद मैंने योजना बनाया कि गांव के लोगो को राजभवन तक आना नहीं पड़े। राजभवन खुद गांव तक पहुंचे। स्वावलम्बी ग्राम अरकोसा पुनर्वास के गांव में पहुंचकर राज्यपाल ने वहां चल रही विकास योजनाओं का अवलोकन किया। महिलाओं से आह्वान किया कि आप अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। क्योंकि, शिक्षा से बढ़कर कोई भी धन नहीं है।

लाभुकों को चेक देते राज्यपाल। ● द फोटोन न्यूज

राज्यपाल से संवाद के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई की सुविधा जैसी समस्याओं से अवगत कराया तथा कई मुद्दों पर चर्चा की गयी। कोडरमा विधायक नीरा यादव ने भी कोडरमा की शिक्षा व्यवस्था की चर्चा की। मौके पर लाभुकों के बीच लगभग 3 करोड़ 87 लाख की परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के कार्यक्रम को लेकर सड़क पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। सुरक्षा के मद्देनजर डीएसपी के साथ पुलिस अफसर, मजिस्ट्रेट, जवानों को लगाया गया था। साथ ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल लगी हुई थी। राज्यपाल सड़क मार्ग से मरकच्चो आए और वापस रांची लौटे।

कार्यक्रम में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज सिंह, एसडीओ संदीप मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अंचलाधिकारी रामसुमन प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रजक, डोमचांच अंचलाधिकारी देवप्रिया सहित जिला एवं प्रखंड के अन्य पदाधिकारी, उत्तरी पंचायत मुखिया रंजीत सिंह, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

PHOTON NEWS KODARMA

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन मंगलवार को पहली बार अपने एक दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचे। यहां सबसे पहले जिला प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद राज्यपाल ने कोडरमा सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही मरीजों से बातचीत कर मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी ली।

निरीक्षण के बाद राज्यपाल ने पत्रकारों से बातचीत में कोडरमा सदर अस्पताल की व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि उपायुक्त कोडरमा समेत जिला प्रशासन की पूरी टीम के द्वारा सदर अस्पताल के बेहतर संचालन को लेकर अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में सुविधाओं की बढ़ोतरी एवं बेहतरी के लिए यदि किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी तो राज्य सरकार और केंद्र सरकार के स्तर से हरसंभव मदद उपलब्ध कराया जाएगा। अस्पताल के निरीक्षण के बाद राज्यपाल परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भी गए और उसके बाद मरकच्चो प्रखंड के अरकोसा के लिए रवाना हो गए।

सदर अस्पताल में मरीजों से मिलते राज्यपाल। ● द फोटोन न्यूज

इस मौके पर उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, डीडीसी ऋतुराज, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, सिविल सर्जन अनिल कुमार, एसडीओ संदीप मीणा, एसडीपीओ प्रवीन पुष्कर समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

BRIEF NEWS

सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रिम्स में भर्ती

RANCHI : नामकुम थाना क्षेत्र के रांची- टाटा राजमार्ग के बरगांवा जैक गेट के समीप सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में उत्तम राम (27) गंभीर रूप से घायल हो गया। वह बरियातू का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात कार की चपेट में आने से पैदल चल रहा उत्तम राम गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे गंभीर अवस्था में रिम्स भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

करंट की चपेट में आने से सात पशुओं की मौत

RANCHI : बुंडू थाना क्षेत्र स्थित बारेडीह गांव में बिजली करंट की चपेट में आने से मंगलवार को दो गाय समेत सात पशुओं की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बाहर खेत में बिजली के तीन खंभे गिरे हुए थे, इसके कारण वहां करंट था और उसी स्थान पर बैल व अन्य पशु चरने के क्रम में उसकी चपेट में आ गए।घटना दोपहर की बताई जा रही है ।प्राप्त समाचार के मुताबिक एक बैल बुद्धू मुंडा, दो बैल सुखराम मुंडा, एक बैल जगरनाथ महतो, एक बैल व एक गाय शंभू ठाकुर व एक गाय पुष्कर ठाकुर का है। घटना की जानकारी मिलते ही अंचल अधिकारी राजेश डूंगडूंग,प्रखंड प्रमुख राजकुमार बिंझिया,पशु चिकित्सक पंचायत समिति सदस्य सिंगराय दास ,जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल, श्याम कुमार महतो आदि घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित परिजनों से मिले। अंचल अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में मृत सभी जानवरों का पशु चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया।पीड़ित परिवारों ने अंचलाधिकारी से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन 26 मामले निष्पादित

RANCHI : झालसा के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट में विशेष मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन कुल 36 मामले मध्यस्थता केंद्र में भेजे गये। विशेषज्ञ काउंसलर और मध्यस्थों की मदद से कुल 26 मामलों को निष्पादित किया गया। दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। इससे पहले अभियान के पहले दिन 41 मामले निष्पादित किये गये थे। यह विशेष मध्यस्थता अभियान 16 जून तक चलेगा जिसके ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन की कोशिश की जा रही है।

बीएयू : प्रसार शिक्षा परिषद की बैठक आज

RANCHI : बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की 37वीं प्रसार शिक्षा परिषद् की बैठक 14 जून को होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह करेंगे। विशेषज्ञ के तौर पर डॉ पितांबर सवैन, प्राध्यापक एवं प्रधान, पशुपालन एवं पशु प्रसार शिक्षा विभाग, उड़ीसा यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी, भुवनेश्वर और डॉ डीएस राठौर, पूर्व कुलपति, सीएसके हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर एवं डॉ एके सिंह, निदेशक, आईसीएआर अटारी, पटना होंगे। विवि के कृषि संकाय परिसर स्थित आरएसी ऑडिटोरियम में प्रातः 10.30 बजे इसका उद्घाटन समारोह होगा। इस कार्यक्रम में राज्य के सभी 24 जिलों में कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के प्रभारी/प्रधान द्वारा वर्ष 2022-23 की प्रसार शिक्षा उपलब्धियों और वर्ष 2023-24 की भावी प्रसार शिक्षा के कार्यक्रमों पर की रणनीति प्रस्तुत किया जायेगा।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

झारखंड में VOTER LIST में नवंबर तक नाम जोड़ने का मौका

पुनरीक्षित मतदाता सूची के आधार पर होगा MP चुनाव : के. रविकुमार

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार ने कहा कि 2024 में होने वाले आम चुनाव के लिए केंद्रीय निर्वाचन आयोग तैयारियां कर रहा है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम राज्य में जून महीने की शुरू है। यह कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण है। के. रविकुमार ने मंगलवार को निर्वाचन सदन में पत्रकार वार्ता में कहा कि मतदाता सूची के आधार पर ही आगामी लोकसभा चुनाव का संचालन होगा। ऐसे में यह जरूरी है कि सभी योग्य नागरिकों का निबंधन इस प्रोग्राम के जरिये मतदाता सूची में कर लिया जाए। एक भी वोटर मताधिकार से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि राज्य में 21 जुलाई से 21 अगस्त तक बीएलओ द्वारा घर-घर सत्यापन होगा। वोटर लिस्ट, फोटो मतदाता पहचान पत्र में त्रुटियों का निवारण 22 अगस्त से 29 सितम्बर तक होगा। 17 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक मतदाता सूची में नाम और अन्य कार्यों से संबंधित दावा और आपत्ति संबंधी आवेदन दिए जा सकेंगे। पांच जनवरी, 2024 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक पिछले पांच पुनरीक्षण कार्यक्रम से मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। 10 जनवरी, 2018 को पुनरीक्षण कार्यक्रम के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में कुल वोटरों की संख्या 21835434 थी। इसी तरह 30 जनवरी, 2019 को जारी सूची में एक फीसदी की वृद्धि के साथ यह संख्या दो करोड़ 98 लाख 1479 हो गयी। 12 अक्टूबर, 2019 को यह आंकड़ा 22617612 हो गया। 15 जनवरी, 2021 को जारी सूची के मुताबिक 23539328 वोटर (2.18 प्रतिशत की वृद्धि) हो गये। पांच जनवरी, 2022 को सूची में 2.70 फीसदी बढोत्तरी के साथ 24473937 वोटर हुए। पिछली बार (5 जनवरी, 2023) को जारी लिस्ट में 2.25 प्रतिशत वृद्धि के साथ कुल वोटर 24529841 हो गये।

जानकारी देते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रविकुमार व अन्य ● फोटोन न्यूज

डुमरी विधानसभा उपचुनाव की घोषणा कभी भी : डुमरी विधानसभा उपचुनाव के एक सवाल पर के. रवि कुमार ने कहा कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग कभी भी इसकी घोषणा कर सकता है। दो महीने से अधिक समय से यह सीट रिक्त है। हालांकि, अभी आयोग से कोई निर्देश नहीं आया है।

PORTAL पर खुद को कर सकते हैं सूचीबद्ध

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग मतदाताओं को सूची से जोड़ने की कवायद तो कर ही रहा है, आम नागरिक भी वोटर सर्विस पोर्टल पर जाकर जरूरी डॉक्यूमेंट अपलोड कर खुद को मतदाता के रूप में सूचीबद्ध कर सकते हैं। चुनाव आयोग स्पीड पोस्ट के माध्यम से उनका वोटर आईडी कार्ड उनके पते पर भेज देगा। वहीं, पोर्टल पर जाकर वोटर आईडी में नाम सुधार, फोटो सुधार, पता सुधार आदि भी सहज तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए जहां विशेष कैंप का आयोजन होगा, वहीं हर घर का सर्वे कर मतदाताओं को सूची से जोड़ा जाएगा और त्रुटियों का सुधार भी होगा। यह कार्य 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इसमें 17 अक्टूबर से 30 नवम्बर तक यदि कोई दावा या आपत्ति हो तो उसे दर्ज कराया जा सकेगा। जिस-जिस घर का सर्वे होगा, उसकी पहचान के लिए घर के बाहर इस आशय का एक स्टीकर भी चिपकाया जाएगा। साथ ही सर्वे करने वाले इससे जुड़ा ब्योरा एक रजिस्टर में भी दर्ज करेंगे। इसका सत्यापन भी कराया जाएगा।

खुलासा : जेल से रची गई थी बिट्टू खान की हत्या की साजिश

पांच अपराधी धराए, दो पिस्टल, तीन गोलियां व बाइक बरामद

CRIME REPORTER RANCHI : बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातु के टोंटे चौक स्थित अखड़ा के पास छह जून की देर शाम बिट्टू खान उर्फ तनवीर आलम की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड की साजिश बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद राज वर्मा ने रची थी। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस हत्याकांड में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रोहन श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ, अंकित कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह और अंकुश कुमार सिंह शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने दो पिस्टल, तीन जिंदा गोलियां, दो बाइक और चार मोबाइल फोन बरामद किया है।

प्रेस कांफ्रेंस कर गिरफ्तार अपराधियों की जानकारी देते रांची एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी व अन्य ● फोटोन न्यूज

तीन महीने पहले रची गई थी हत्या की साजिश

पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि गिरफ्तार किये गये अपराधियों ने दो-तीन महीने पहले ही तनवीर अहमद उर्फ बिट्टू को मारने का प्लान बनाया था। अंकित कुमार सिंह को एदलहातु टीओपी और दीपक कुमार सिंह को बिट्टू के घर की रेकी करने का काम सौंपा गया था। गत तीन जून को जेल में बंद राज वर्मा से निर्देश प्राप्त करने के लिए दीपक कुमार सिंह और अंकुश कुमार सिंह उर्फ लकी जेल में उससे मिलने गया था। राज वर्मा के निर्देश पर ही घटना को अंजाम दिया गया। घटना के दिन दुर्गा और अभिषेक मलिक एक ही बाइक पर सवार था। दुर्गा गाड़ी चला रहा था और अभिषेक मलिक के पास पिस्तौल थी। दूसरी बाइक पर रोहन श्रीवास्तव और रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी सवार था। रोहन श्रीवास्तव ड्राइव चला रहा था, जबकि रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी के पास पिस्तौल थी। घटना के बाद डोरंडा के मो आरिफ को हथियार और बाइक छुपाने के लिए दिया गया था।

कैदी वाहन में अपराधी लवकुश शर्मा और राज वर्मा के बीच हुई थी मारपीट

बीते 27 मार्च को कुख्यात अपराधी लवकुश शर्मा और राज वर्मा को जेल से एक मामले में पेशी के लिए अदालत लाया गया था। पेशी के बाद अन्य कैदियों के साथ कैदी वाहन में राज वर्मा और लवकुश शर्मा को पुलिस सुरक्षा में वापस जेल भेजा जा रहा था। इसी दौरान लवकुश शर्मा और राज वर्मा में पुरानी बात को लेकर कहासुनी हुई। और देखते ही देखते दोनों एक-दूसरे से भिड़ गए। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने दोनों को लड़ाई बंद करने की चेतावनी दी। लेकिन वे नहीं माने। जिसके बाद कैदी वाहन के चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को सीधे बरियातू थाने में घुसा दिया। गौरतलब है कि लवकुश शर्मा और राज वर्मा के गैंग के बीच पुरानी अदावत है। राज वर्मा कालू लामा गिरोह से ताल्लुक रखता था। एक वर्ष पहले शिबू सोरेन आवास के पास सरेआम कालू लामा की गोली मारकर लवकुश शर्मा गिरोह के द्वारा हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में झारखंड एटीएस ने लवकुश शर्मा को बिहार से गिरफ्तार किया था।

कालू लामा की हत्या के बाद बिट्टू था निशाने पर

बिट्टू खान पर कुख्यात गैंगस्टर कालू लामा की रेकी कर हत्या कराने का आरोप लगा था। उस दौरान बिट्टू खान को गिरफ्तार कर लिया गया था। वह छह महीने पहले ही जेल से बाहर आया था। कालू लामा गैंग के सदस्यों से बचने के लिए अपराधी बिट्टू खान एदलहातु छोड़ चुका था। जेल से छूटने के बाद से ही वह रांची के हिंदपीढ़ी इलाके में रहने लगा था। बताया जाता है कि हत्या से दस दिन पहले से वह फिर से सुबह झ शाम एदलहातु स्थित अपने आवास जाने लगा था। इसकी जानकारी लामा गिरोह को हो गयी थी। इसके बाद रेकी कर बिट्टू खान की हत्या कर दी गयी।

चेन छिनतई मामले में पुलिस ने चार को दबोचा

CRIME REPORTER RANCHI : लोअर बाजार थाना पुलिस ने महिला से सोने की चेन छिनतई करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में हिंदपीढ़ी निवासी मो ओवैस, अजमल अंसारी, मो नसीम और जेवर दुकान के संचालक मनोज कुमार शामिल है। इनके निशानदेही पर एमके ज्वेलर्स दुकान से छिनतई किया हुआ चेन, एक स्कूटी और 13 हजार 500 रुपये और घटना के वक्त पहना हुआ कपड़ा बरामद किया गया है। एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को बताया कि गत आठ जून को दीपाटोली के बांधगाड़ी निवासी वीणा देवी ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि जेल मोड़ के समीप दो स्कूटी सवार अपराधियों ने सोने की चेन छीनकर फरार हो गये। इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसके बाद सोने की चेन को खपाने के लिए मो अजमल के पिता मो नसीम को गिरफ्तार किया।

बदमाशों ने मेडिकल दुकान में की फायरिंग

RANCHI : जिले के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के माया इंटरप्राइजेज मेडिकल स्टोर में अपाची बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और फायरिंग कर फरार हो गये। घटना मंगलवार देर शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार दो बाइक सवार अपराधी मेडिकल स्टोर पहुंचे। एक अपराधी बाइक से उतरकर मेडिकल स्टोर गया और वहां फायरिंग की। हालांकि, फायरिंग में किसी को गोली नहीं लगी है। इसके बाद भागने के क्रम में एक फायरिंग कुल दो फायरिंग की। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

नशेड़ी की पत्नी ने दो को पुलिस से पकड़वाया

RANCHI : चुटिया थाना में मंगलवार को महिला सोना देवी ने जमकर हंगामा किया। पुलिस ने महिला को काफी समझाया इसके बाद मामला शांत हुआ। महिला का कहना था कि उसके पति को नशा करने की आदत हैं। कई बार वह ब्राउन शुगर भी लेता है। बार बार पति को समझाने के बाद भी पति नहीं मान रहा था। इसके बाद महिला ने अपने पति पर नजर रखना शुरू किया। पति स्टेशन रोड पहुंचा तो एक महिला समेत दो लोग उससे मिलने आए। दोनों ने महिला के पति का एक पैकेट ब्राउन शुगर दिया। मौके पर सोना देवी पहुंच गई और युवती समेत एक अन्य युवक को पकड़ लिया। दोनों को चुटिया थाना ले आई। थाना में दोनों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात बोलकर महिला हंगामा करने लगी।

1900 यूनिट रक्तदान करने पर दूसरी सबसे बड़ी संस्था के रूप में हुई सम्मानित

BLOOD DONATION संस्था अन्नदानं और कनेक्टिंग होप्स ने बनाया RECORD

PHOTON NEWS RANCHI : जैसा कि हम सभी जानते हैं कि 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। एक यूनिट रक्त एक बार में 3 लोगों की जान बचाता है यानी 350 एमएल। यह दिन स्वैच्छिक, अवैतनिक रक्तदान के महत्व पर जोर देता है और स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में सुरक्षित और पर्याप्त रक्त आपूर्ति की निरंतर आवश्यकता पर प्रकाश डालता है। यह एकजुटता, करुणा और परोपकारिता के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए समुदायों, संगठनों और स्वास्थ्य पेशेवरों को एक साथ लाता है। विश्व रक्तदाता दिवस एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि प्रत्येक रक्तदाता एक नायक है, उनका योगदान जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन रेखा के रूप में कार्य करता है। हम कनेक्टिंग होप्स और अन्नदानम धुर्वा की टीम 2018 से रक्त संबंधी मुद्दों के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। हमने कोरोना के समय में रिम्स ब्लड बैंक के साथ मिलकर स्थिति खराब होने के बावजूद जरूरतमंदों को रक्त और प्लाज्मा उपलब्ध कराने का काम किया है। रिम्स ब्लड बैंक और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा हमें झारखंड में कुल 1900 यूनिट के साथ दूसरे सबसे बड़े रक्त शिविर संगठन के रूप में सम्मानित किया गया है। हमें रांची जिले में प्रथम रक्तदाता प्रदाता के रूप में भी सम्मानित किया गया है।

रक्तदान करते प्रभात कुमार राजन व अन्य ● फोटोन न्यूज

890 यूनिट के साथ बने सर्वश्रेष्ठ रक्तदाता

वर्ष 2023 में हमें पुनः झारखंड के रिम्स ब्लड बैंक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कुल 890 यूनिट के साथ सर्वश्रेष्ठ रक्त शिविर आयोजक के रूप में सम्मानित किया गया है। हमारे सक्रिय सदस्य रंजन कुमार (कनेक्टिंग होप्स) और प्रभात कुमार राजन (अन्नदानं धुर्वा) अपनी टीम के सदस्यों यानी कुशाग्र चौहान, राधा कुमारी, अरुण कुमार, दीपक कुमार, हर्षित सिंह, अमर आर्य और कई अन्य लोगों के साथ समय की परवाह किए बिना बहुत मेहनत कर रहे हैं और ऊर्जा। कनेक्टिंग होप्स और अन्नदान धुर्वा ने ना केवल रांची अपितु राँची के बगल के जिलो लोहरदगा, चतरा , पलामू , खूंटी, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर रामगढ़ जैसे जिलों में रक्तदान शिविर का आयोजन करके रिम्स को हजारों यूनिट रक्त सौंपा यही नहीं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों नक्सली प्रभावी क्षेत्रों बुडमू , कुडु, बुंडू, रामपुर, रातु, लोधमा, बेड़ो, कर्रा जहां लोगों मे रक्तदान भय का बहुत बड़ा कारण था वह महीनों तक जागरूक अभियान चलाकर रक्तदान शिविर आयोजित किया और सैकड़ों यूनिट ब्लड रिम्स को सौंपा। कनेक्टिग होप्स और अन्नदान धुर्वा में खास करके शिक्षा संस्थानों और मिलिट्री कैंप को प्राथमिकता देकर रक्तदान से जोड़ा जो नियमित 6 महीना में डोनेशन कराते हैं कनेक्टिंग हॉप्स और अन्नदान धुर्वा के द्वारा जन्मदिन पुण्यतिथि और सालगिरह, सामाजिक कार्यक्रमों में आदि के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाने कि परंपरा आरंभ हुई जो आज काफी प्रचलित है और आजकल के युवा इससे अधिक प्रभावित हैं। हम एक टीम के रूप में रक्त के मामले में मानवता की सेवा करने के लिए हमेशा अपने स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे। रंजन कुमार ने भी अभी तक 48बार रक्तदान कर चुके है।

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को दो दिन की रिमांड पर लेगी एटीएस

CRIME REPORTER RANCHI : पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को आंतकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) 14-15 जून दो दिन के रिमांड पर लेगी। इस संबंध में एटीएस की ओर से विशेष न्यायाधीश की अदालत में आवेदन दिया गया था। उस आवेदन पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दिनेश गोप को दो दिन के रिमांड पर दिया। 14 जून को दिनेश गोप को जेल से एटीएस ले जायेगी। चार माह पूर्व उसने एक ठेकेदार से लेवी की मांग थी, उसी के संबंध में पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर लिया गया है।

इधर दिनेश गोप को मंगलवार को वीसी से अदालत में पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआइए ने 21 मई को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसे ट्रांजिट रिमांड पर विमान से रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया था। दिनेश गोप के खिलाफ झारखंड, बिहार और ओड़िसा में हत्या, अपहरण, धमकी, जबरन वसूली और पीएलएफआइ के लिए धन जुटाने से संबंधित 102 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। झारखंड पुलिस ने दिनेश गोप पर 25 लाख और एनआइए की ओर से पांच लाख कुल 30 लाख इनाम घोषित था। एनआइए ने 22 मई को दिनेश गोप को कोर्ट में पेश किया था।

पत्नी ने लगाया पति पर प्रताड़ित करने का आरोप

RANCHI : सदर थाना क्षेत्र में रहने वाली विवाहिता स्वाति ने अपने पति आशीष पर प्रताड़ित करने और दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। स्वाति के बयान पर आशीष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। स्वाति ने पुलिस को बयान दिया है कि उसकी शादी वर्ष 2006 में हुई थी। शादी के एक साल के बाद से ही पति प्रताड़िता करने लगा। इसी बीच आरोपित ने अपने दोस्त की बहन से शादी कर ली और फिर स्वाति को अधिक परेशान करने लगा। पुलिस का कहना है कि आरोपित पति का बयान लिया जाएगा इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जगन्नाथपुर रथ मेला को लेकर डीसी ने की बैठक, विधि-व्यवस्था की समीक्षा की

PHOTON NEWS RANCHI : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को जगन्नाथपुर रथ मेला को लेकर बैठक की। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने सभी समितियों के सदस्यों से मेले के आयोजन के संबंध में जानकारी ली। समिति के सदस्यों ने अपनी आवश्यकताओं के संबंध में उपायुक्त को अवगत कराया । मेले के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों से विधि-व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये। इनमें मेले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पांच मुखी मुहाने पर वाच टावर लगाने एवं माइक लाइट की व्यवस्था करने, मेले में पेयजल की व्यवस्था के लिए डीप बोरिंग करने, बिजली- जेनरेटर की व्यवस्था करने, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रथ यात्रा के मार्ग पर मिट्टी- स्टोन डस्ट डालने, मेला परिसर में साफ सफाई रखने, मांस मछली एवं शराब के विक्रय पर प्रतिबन्ध लगाने, प्रशासनिक शिविर और मीडिया शिविर बनाने, जगरन्नाथ मंदिर एवं मौसीबाड़ी तक सुरक्षा बलों को तैनात करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने सहित अन्य निर्देश शामिल है। बैठक में एसएसपी किशोर कौशल, सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

DC ने जनता दरबार में सुनी फरियाद, गंभीर बीमारी से पीड़ितों को दी आर्थिक मदद

PHOTON NEWS PALAMU

उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।

लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के धर्मेंद्र कुमार ने उपायुक्त से ईलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने धर्मेंद्र को रेड क्रॉस के माध्यम से 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। पांकी थाना क्षेत्र के सुरेंद्र उरांव ने उपायुक्त से आर्थिक मदद की गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने सुरेंद्र को रेड क्रॉस के माध्यम से 10 हजार की आर्थिक मदद की। इसी तरह गठिया रोग से जूझ रहे डालटनगंज की सोनी कुमारी और रेहला थाना क्षेत्र के सोहन राम को उपायुक्त ने 10-10 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी।

जनता दरबार में लोगों की फरियाद सुनते डीसी आंजनेयुलू दोड्डे। ● द फोटोन न्यूज

इसी तरह तरहसी प्रखंड के संजय कुमार व बिगावन यादव ने सहायक शिक्षक का सत्र 2019-20 के बकाया मानदेय भुगतान कराने की गुहार लगायी। मेदिनीनगर की ममता देवी ने उपायुक्त से पीएम आवास दिलाने की गुहार लगाई। तरहसी प्रखंड के प्रमोद कुमार रवि एवं विकास यादव, नावा जयपुर थाना क्षेत्र के नजबुलाह ने अपने मुहल्ले में डीप बोरिंग करवाने का अनुरोध किया।

चैनपुर के रविशंकर सिंह ने उपायुक्त से संबंधित विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऋण दिलाने का अनुरोध किया। हरिहरगंज के ग्राम अकौनी के ग्रामीणों ने उपायुक्त से शिकायत की कि अभी तक आधे गांव में बिजली नहीं पंहुची है, जिस पर उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आपके इलाके में बिजली की व्यवस्था की जाएगी। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से संबंधित कई आवेदन आये।

अपराध समीक्षा में दुमका एसपी ने थाना प्रभारियों को दिए दिशा-निर्देश

PHOTON NEWS DUMKA

अपराध समीक्षा को लेकर एसपी कार्यालय में मंगलवार को पुलिस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसपी अंबर लकड़ा ने किया। बैठक में एसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को लंबे समय करीब 5 वर्षों से लंबित निष्पादित कांडों को समीक्षा करते हुए शेष बचे लंबित कांडों का त्वरित गति से निष्पादन करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने विधि एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए। महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र के स्कूल एवं कॉलेजों में सेमिनार आयोजित कर पॉक्सो एक्ट, साइबर अपराध की रोकथाम से संबंधित जागरुकता अभियान चलाने के लिए निर्देशित किए। बैठक में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी फिलिस्प बागला ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को वाहन दुर्घटना को रोक के दिशा में विशेष दिशा-निर्देश दिए।

अपराध समीक्षा बैठक करते दुमका एसपी अंबर लकड़ा। ● द फोटोन न्यूज

बैठक में एसडीपीओ, जरमुंडी शिवेंद्र कुमार, एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा, डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार, सदर इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह समेत अन्य थाना प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

जोरापोखर में शराबियों ने ले ली अपने ही दोस्त की जान

जोरापोखर में हत्या की जांच करने पहुंची पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS DHANBAD

जोरापोखर थाना क्षेत्र में सोमवार रात दो शराबियों ने मामूली विवाद होने पर चांदो यादव नामक व्यक्ति की हत्या कर फरार हो गए। हत्यारे होरलाडीह के बताए जाते हैं।

जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा 4 नंबर पावर हाउस के समीप रहने वाले चांदो यादव (55) के घर रात दो व्यक्ति आए। वह अपने साथ शराब लेकर आए थे। उन्होंने चांदो यादव को भी साथ में शराब पीने का ऑफर किया। मौके पर जांच करने पहुंचे जोड़ापोखर थाना के इंस्पेक्टर विनोद उरांव ने का कहना है कि इसके बाद उनलोगों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। मामूली विवाद बढ़ता ही गया, जिसके बाद दोनों हत्यारों ने तेज धारदार हथियार से चांदो यादव की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद दोनों हथियार लेकर वहां से भाग निकले।

आईआईटी आइएसएम के स्वीमिंग पूल में डूबने से असिस्टेंट प्रोफेसर की मौत

PHOTON NEWS DHANBAD

धनबाद आईआईटी आइएसएम के असिस्टेंट प्रोफेसर की स्वीमिंग पूल में नहाने के दौरान मौत हो गई है। वह रोज की तरह ही मंगलवार को भी अपने मित्रों के साथ आईआईटी आइएसएम परिसर में स्थित स्वीमिंग पूल में नहाने गए थे। इसी दौरान वे पूल में डूब गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। इस वजह आईआईटी आइएसएम में होने वाले कई कार्यक्रमों को भी स्थगित कर दिया गया।

बताया जाता है कि आईआईटी आइएसएम में माइनिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर यशवंत उजाला (40) हर दिन की तरह सुबह करीब पौने आठ बजे अपने मित्रों के संग आईआईटी आइएसएम परिसर में स्थित स्वीमिंग पूल में नहाने गए

थे। इसी दौरान उन्होंने स्वीमिंग पूल में ऊपर से छलांग लगाई, लेकिन उनके काफी समय तक बाहर नहीं पर उनके मित्रों ने स्वीमिंग पूल में उतर कर उन्हें बाहर निकाला, तो वह बेहोश पाए गए। इसके बाद उन्हें आईआईटी आइएसएम के स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

इस दौरान एसएनएमएमसीएच में आईआईटी आइएसएम के निदेश प्रोफेसर पी राजीव शेखर, उप निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार सहित अन्य प्रोफेसर और कर्मी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार मृत असिस्टेंट प्रोफेसर यशवंत उजाला मूल रूप से ओडिसा के रहने वाले थे, फिलहाल उनका परिवार पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रह रहा है। उनके परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

आईआईटी आइएसएम में मंगलवार को कई अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन होना था। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी शिरकत करने वाली थी। लेकिन इस दुखद घटना के बाद फिलहाल सभी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया है।

सड़क दुर्घटना मामले में चालक को दो साल की सजा

SIMDEGA : एसडीजेएम मंजीत कुमार साहू की अदालत ने मंगलवार को सड़क दुर्घटना मामले में वाहन चालक को दोषी करार देते हुए दो साल कारावास की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने की स्थित में छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। बताया गया कि 10 फरवरी, 2020 को कुरडेग प्रखंड के करमडीह निवासी कृष्ण कुमार साहू की तीन वर्षीय पुत्री माही गुप्ता घर के बाहर थी। इसी दौरान बोलेरो पिकअप चालक झिरकामुंदा निवासी मीर नवाज हुसैन ने अपने वाहन से बच्ची को धक्का मार दिया, जिससे बच्ची की मौत हो गयी थी। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने गवाहों के बयान एवं दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई। इस मामले में अभियोजन पक्ष से प्रभारी लोक अभियोजक अमित कुमार ने दलीलें पेश की।

एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम आज बोकारो एयरपोर्ट की करेगी समीक्षा

PHOTON NEWS BOKARO

राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम की अध्यक्षता में जिला प्रशासन की उपस्थिति में बीएसएल और एयरपोर्ट अथॉरिटी के साथ मंगलवार को बोकारो परिसदन में बैठक हुई। बैठक में विभिन्न पहलुओं पर विमर्श किया गया। हवाई अड्डे में एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड एवं सुरक्षा बल की तैनाती पर चर्चा हुई, जिसपर विभाग से पत्राचार कर अग्रतर कार्रवाई करने को कहा गया है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बताया कि बुधवार को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का एक दल बोकारो आएगा, जो बोकारो एयरपोर्ट के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करेगा। बोकारो हवाई अड्डे का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 2018 में बीएसएल अथॉरिटी एवं एयरपोर्ट अथॉरिटी के बीच एमओयू हुआ था। कार्य में तेजी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से बनाया गया रनवे पूरी तरह तैयार है। कोई दिक्कत नहीं है।

बैठक में शामिल मंत्री व अन्य। ● द फोटोन न्यूज

बीएसएल के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया है कि लाइसेंस के लिए अप्लाई कर दें, ताकि उड़ान जल्द संभव हो सके ।शुरूआती दौर में डोमेस्टिक उड़ान में 70 सीट वाला विमान उपलब्ध रहेगा। बाद में इसे बड़ा किया जा सकेगा।

मंत्री ने उपायुक्त कुलदीप चौधरी से कहा कि प्रत्येक माह एक समीक्षा बैठक इस संदर्भ में अवश्य की जाय, जिससे प्रोग्रेस का पता चलता रहे। बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य सरकार की ओर से किए जाने वाले कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया है। उन्हें उम्मीद है कि 2023 में ही बोकारो से एयरपोर्ट चालू हो जाएगा और लोगों को इसकी सुविधाएं मिलने लगेगी।

बैठक में डीसी कुलदीप चौधरी, जीडीसी कृति श्री, एसडीओ दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, बीएसएल के अधिकारी और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पदाधिकारी मौजूद थे।

मध्य प्रदेश के युवक ने नाबालिग से रचाई शादी, उम्र सत्यापन तक बाहर ले जाने से पुलिस की रोक

PHOTON NEWS PALAMU

मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ निवासी सुरेश कुमार (25) ने पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भरुही गांव की 15 वर्षीय किशोरी से शादी रचा ली है। शादी के बाद यह दंपति यूपी जाने के लिए ट्रेन की प्रतीक्षा में मोहम्मदगंज स्टेशन पर बैठा था। पुलिस की नजर पड़ते ही किशोरी के नाबालिग होने का संदेह होने पर दंपति को ग्रामीणों की देखरेख में सत्यापन के लिए तीन दिन से भरुही गांव में रखा गया है। गांव में नाबालिग का ननिहाल है। भीम चूल्हा स्थित शादी की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 15 दिन पूर्व ही लड़की अपने माता पिता के साथ मोहम्मदगंज पहुंची थी। उसके परिजन रोहतास जिले के डेहरी के अंकोढी गोला के स्थायी निवासी हैं।

बताया गया कि किशोरी के परिजन बेहद गरीब है। कचरा-कबाड़ जुटाकर बेचने का काम करते हैं। युवती के पिता व माता ने बताया कि भरुही गांव निवासी स्व. मनोज भुइयां की पत्नी बिगनी देवी के कहने पर शादी को राजी हुए। बिगनी देवी ने भी अपनी दो पुत्रियों की इसी प्रक्रिया के तहत यूपी के युवकों के साथ शादी कर उन्हें विदा किया था। किशोरी की मां ने बताया कि इस शादी के एवज में युवक की ओर से 17 हजार रुपये नगद मिले हैं। शादी की रश्म भीम चूल्हा मंदिर के पुजारी पं. गंगा तिवारी ने पूरी करायी है। उन्होंने बताया कि स्वेच्छा से वधू पक्ष के परिजन इसमें शामिल थे, जबकि वर पक्ष से एकमात्र साथी के अलावे अन्य किसी भी सदस्य की सहभागिता नहीं होना संदेह के घेरे में है। बावजूद इसमें शामिल बिचौलियों के दबाव में शादी की रश्म पूरा कर दी गई।

दूसरी ओर यह मामला मानव तस्करी से जुड़ा होने की चर्चा है। मोहम्मदगंज पुलिस ने युवक के परिजनों को 24 घंटे में हाजिर होने का संदेश तो भेजा था, पर तीन दिन बीतने के बाद भी कोई नहीं आया। युवक के परिजनों का आने तक उक्त कथित दंपति को भरुही गांव में ही पुलिस ने रखने का आदेश दिया है।

ननकू हत्याकांड का आरोपी गया जेल

PALAMU : नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के लेस्लीगंज बाजार में 11 जून की देर रात छोटु कुमार उर्फ ननकू चन्द्रवंशी (22) की हत्या में शामिल कोर्ट निवासी एक आरोपित रोहित सिंह को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मल्लिक सिंह एवं अन्य की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। ननकू चन्द्रवंशी के भाई दीपक कुमार ने लेस्लीगंज थाना में दो नामजद समेत अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। 11 जून की रात करीब 12.30 बजे लेस्लीगंज बाजार में सोए अवस्था में छोटु कुमार उर्फ ननकू चन्द्रवंशी की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

इस घटना देने के विरोध में लेस्लीगंज बाजार के व्यवसायियों में काफी आक्रोश था। कई घंटे तक व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद रखी थी। साथ ही थाना का घेराव और सड़क जाम कर वहीं पुलिस प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की थी।

ADANI FOUNDATION पीएम निक्षय पोषण योजना के तहत किया पोषक आहार किट का वितरण

FOUNDATION ने गोद लिए टीबी के 70 नए मरीज

PHOTON NEWS HAZARIBAGH

जिले के बड़कागांव स्थित गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने इस बार 70 नए टीबी मरीजों को गोद लिया है। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अदाणी फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत इन मरीजों के बीच पोषक आहार किट का वितरण किया।

इस अवसर पर बड़कागांव के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ

अक्षय किट का वितरण करते अदाणी फाउंडेशन के लोग। ● द फोटोन न्यूज

बीएन प्रसाद ने कहा कि अदाणी फाउंडेशन ने एक बड़ा मापदंड स्थापित किया है। ऐसी बहुत कम कंपनियां हैं जो दूसरे चरण में भी टीबी मरीजों को गोद लेती हैं। इसलिए अदाणी फाउंडेशन की यह पहल बहुत बड़ी बात है।

जिला टीबी कार्यक्रम समन्वयक टीपू सुल्तान ने कहा कि इस नेक पहल के लिए अदाणी फाउंडेशन का जितना भी आभार व्यक्त किया जाए वो कम होगा। उन्होंने कहा कि अदाणी फाउंडेशन हजारीबाग जिले का ऐसा पहला कॉर्पोरेट घराना है, जिसने पिछले साल भी टीबी के 60 मरीजों को छह महीनों तक पोषण किट प्रदान किया था और इस बार भी इसे कायम रखा है। उन्होंने कहा कि इस बार पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा भी बढ़ाई गयी है, जो स्वागतयोग्य है।

कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत बांटे गए इस किट में एक-एक किलो हॉर्लिक्स, च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग और सरसो तेल जैसी आहार सामग्रियां शामिल थीं। ये सभी मरीज बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों के हैं, जिन्हें अदाणी फाउंडेशन ने गोद लिया है।

इस मौके पर गोन्दलपुरा खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, वरीय प्रबंधक भीखम सिंह, सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता और शरद मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

BRIEF NEWS

रामगढ़ में तेज रफ्तार बोलेरो चेक पोस्ट का रूम तोड़ते हुए अंदर घुसी, दो की मौत, पांच घायल

RAMGARH : जिले के बरकाकाना केंद्रीय विद्यालय के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार बोलेरो चेक पोस्ट का रूम तोड़ते हुए अंदर घुस गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि चालक को झपकी आने से दुर्घटना हुई। सभी घायल व्यक्ति घुटवा बस्ती के बताए जा रहे हैं। दुर्घटना में बोलेरो के अंदर फंसे घायल और मृतक को लोहा काटकर निकाला गया। सभी घायलों को बरकाकाना पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

लापता मां को खोजने की गुहार लगा रहे छोटे-छोटे बच्चे

GIRIDIH : बच्चे लापता होने पर अमूमन माता-पिता ढूंढने की गुहार लगाते हैं लेकिन एक मामला ऐसा प्रकाश में आया है, जिसमें बच्चे मां को खोजने की गुहार लगा रहे हैं। जानकारी के अनुसार जिले के नक्सल ग्रसित लोकाय थाना क्षेत्र के दानोखुट्टा गांव के जगदीश राय की 45 वर्षीय पत्नी रीना देवी बीते दो सप्ताह से लापता है। उसे ढूंढने के लिए उसके छोटे बच्चे दर-दर भटक रहे हैं। लापता रीना देवी के पुत्र संदीप राय ने मंगलवार को भारी मन से बताया कि उनके पिता जगदीश राय चेन्नई में मजदूरी करते हैं। बीते एक जून को उनकी मां बिना कुछ बताए घर से चली गई। रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की गई लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चला। इस संबंध में पुत्र संदीप राय ने लोकाय थाने में सात जून को गुमशुदगी की रपट भी लिखवाई है। बच्चों ने पुलिस से अपनी मां को जल्द ढूंढने की गुहार लगाई है। माले नेता जयनारायण यादव और मुन्ना गुप्ता ने भी पुलिस इंस्पेक्टर से मिलकर लापता महिला की खोजबीन का आग्रह किया है।

मारवाड़ी युवा मंच का रक्तदान शिविर आज

KHUNTI : मारवाड़ी युवा मंच खूंटी नगर शाखा के तत्वावधान में 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल खूंटी स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष अंकित जैन ने जिला वासियों से रक्तदान करने की अपील की है। मंच के रक्तदान संयोजक विशाल जैन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एनीमिया के मरीजों की संख्या बढ़ी है, जिससे रक्त की आवश्यकता भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंत्र द्वारा मई और जून महीने में सदर अस्पताल को पांच यूनिट रक्त उपलब्ध कराया गया है।

खूंटी में एसटीआई-आरटीआई प्रशिक्षण और अहाना एमटीसीटी कार्यक्रम

KHUNTI : स्वास्थ्य विभाग और सिनी संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को जिला स्तरीय एसटीआई-आरटीआई प्रशिक्षण और अहाना एमटीसीटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन ने की। कार्यक्रम में प्रखण्डों के चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखण्ड डाटा प्रबंधक, स्टाप नर्स, लैब टेक्नीशियन और अहाना एमटीसीटी पदाधिकारी उपस्थित थे। सिविल सर्जन ने कहा कि भारत सरकार ने 2024 तक पेरेंट्स टू चाइल्ड ट्रांसमिशन ऑफ एचआइवी के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति पर सभी को विशेष रूप से कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एचआइवी एड्स के प्रसार तथा रोकथाम के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई तथा यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार, गैर संचारी रोग, माहवारी सहित अन्य जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी सिविल सर्जन डॉ रजनी नीलम टोप्पो और विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ प्रभावती टोपनो, जिला आरसीएच पदाधिकारी उपस्थित थे। एसटीआर-आरटीआर सबंधित ट्रेनिंग डॉ प्रभावती टोपनो,जिला आरसीएच पदाधिकारी ने दी। शुबेन्दु सेन गुप्ता, स्टेट एम एंड ई ऑफिसर, अहाना ने न्यू एचएमआइएस पोर्टल पर प्रशिक्षण दिया। क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक आहाना, सिनी के ओमप्रकाश शर्मा ने अहाना एमटीसीटी कार्यक्रम की समीक्षा की और नई गतिविधियों पर चर्चा की।

यात्री वाहन पलटा, आठ महिलाओं समेत 15 घायल

GIRIDIH : जिले के मधुबन थाना क्षेत्र के जयनगर में शादी समारोह में जा रहा एक टाटा विंगर वाहन नदी में पलट गया। इस हादसे में 15- 16 लोग घायल हुए हैं। इनमें आठ महिलाएं हैं। बताया गया कि सड़क खराब होने के कारण यह हादसा हुआ, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। घटना सोमवार देर रात की है। ग्रामीणों ने घायलों को नदी से बाहर निकालकर सीएचसी पीरटांड़ पहुंचाया लेकिन यहां देर रात डॉक्टर नहीं रहने से घायलों का मुकम्मल इलाज नहीं हो पाया। आंशिक रूप से घायलों का जैसे-तैसे इलाज किया गया। आज सुबह गंभीर रूप से घायल छह लोगों को गिरिडीह सदर अस्पताल लाया गया। बतया गया कि दुर्घटना में दिनेश महतो, किरण कुमारी, चिंता देवी, रोहिणी देवी, सावित्री देवी, पूजा देवी, प्यासी देवी, सावित्री देवी, पंकज महतो, नेहा कुमारी, अर्जुन कुमार, कृष्णा कुमार, घायल हैं। ये सभी जयनगर पीरटाड़ के रहने वाले हैं और सभी शादी समारोह में जा रहे थे।

पलामू पुलिस लाइन में दो जवानों की मौत

PALAMU : पुलिस लाइन में 12 घंटे के दौरान दो जवानों की मौत हो गई। एक जवान की मौत बीमारी से हुई जबकि दूसरे की मौत हार्ट अटैक से हो गई। दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएस में भेज दिए गए हैं। दोनों जवान बिहार के रहने वाले थे। मृत जवानों में प्रकाश किरण बिहार के लखीसराय जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले थे जबकि जनार्दन बिहार के आरा के निवासी थे। बताया जाता है कि जनार्दन सिंह को शराब की लत थी। सोमवार रात उसकी तबीयत खराब हो गई। आनन-फानन में उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। जवान प्रकाश किरण ने मंगलवार की सुबह उठकर पानी पिया था। इसी बीच उसकी सेहत बिगड़ गई और देखते देखते उसने भी दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर मंगलवार को एसपी चंदन कुमार सिन्हा मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उनके साथ एसडीपीओ सुरजीत कुमार, सार्जेंट मेजर अनीस मोमित कुजूर आदि भी थे। एसपी बताया कि हार्ट अटैक और बीमारी से जवानों की मौत हुई है। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

गिरिडीह में बारातियों से भरी गाड़ी जयनगर नदी में गिरी, एक दर्जन लोग घायल

GIRIDIH : मधुबन थाना इलाके के जयनगर नदी में सोमवार देर रात बारातियों से भरी गाड़ी गिर गई, जिससे एक दर्जन लोग घायल हो गए है। नदी में गाड़ी गिरते ही घटनास्थल में चीख पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार विंगर गाडी में महिलाओं के साथ जयनगर गांव के कई पुरुष भी शामिल थे, जो पर्वतपुर बरात जा रहे थे। बताया जाता है कि रात जयनगर गांव से बारातियों से भरी गाड़ी जयनगर के पड़ोसी गांव पर्वतपुर जा रहा था।इसी दौरान गाड़ी के चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे ग्रामीणों से भरी गाड़ी नदी में गिर गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मधुबन के साथ पीरटांड़ थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर राहत बचाव में जुट गई। मौके पर झामुमो नेता अभय सिंह भी पहुंचे। फिलहाल आधा दर्जन ग्रामीणों का इलाज सदर अस्पताल के चल रहा है, वहीं आधा दर्जन ग्रामीणों का इलाज पीरटांड़ स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

हर पंचायत के एक हजार लोगों को मनरेगा से जोड़ना होगा: मसीह गुड़िया

KHUNTI : खूंटी, 13 जून (हि.स.)। जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया की अध्यक्षता में मंगलवार को परिषद की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व की बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा की गई। साथ ही सभी विभागों द्वारा क्रियान्वित याजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। मौके पर पंचायती राज विभाग द्वारा प्राप्त आवंटन के आलोक में स्वीकृत योजनाओं की घटनोत्तर तथा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत ग्राम पंचायत एवं पंचायत समिति द्वारा अनुमोदित योजनाओं की स्वीकृति के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि जिले का निरंतर विकास हो रहा है, पर हमलोगों को पलायन पर विशेष काम करना होगा।

MGM मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नए भवन का पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया निरीक्षण

कहा-हमारी सरकार ने तीन अस्पताल का किया शिलान्यास था जिसमें से दो का काम चल रहा है पर चाईबासा में काम रुका हुआ है

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास जमशेदपुर के डिमना स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज में बन रहे 500 बेड के अस्पताल के नए बिल्डिंग का निरीक्षण किया। वे निमार्णाधीन बिल्डिंग के एक एक हिस्से में गए और वहां चल रहे काम का अवलोकन किया। इस दौरान निर्माण कार्य करने वाले कंपनी के अधिकारियों से हुए इसकी प्रगति की जानकारी लेते दिखे। इस बिल्डिंग का काम बड़े ही तेजी के साथ चल रहा है, जब राज्य के मुख्यमंत्री रघुवर दास थे तब 2019 में इस अस्पताल की आधारशिला रखी गई थी, इस भवन का आधारशिला रघुवर दास ने अपने हाथों से रखा था।

एमजीएम मेडिकल कॉलेज में बन रहे अस्पताल बिल्डिंग का निरीक्षण करते रघुवर दास • फोटोन न्यूज

जिसका मंगलवार को निरीक्षण करने पहुचे, काम को देख कर रघुवर दास काफी संतुष्ट नजर आए, साथ ही उन्होंने बिल्डिंग के काम कर रहे कंपनीयों को धन्यवाद दिया। रघुवर दास ने कहा कि जब झारखंड में डबल इंजन की सरकार थी उस समय ही केंद्र सरकार की ओर से यह योजना आई थी झारखंड में तीन मेडिकल कॉलेज बनना है, दो जगह काम चल रहा है मगर चाईबासा का काम रुक हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में झारखंड के तेजी से विकास हो रहा था। मगर अब विकास की रफ्तार में कमी आई है, मगर एमजीएम के नए बन रहे भवन से रघुवर दास काफी संतुष्ट दिखे। विजिट होगी इस भवन का निर्माण कार्य इसी साल पूरा हो जाएगा और साल के अंत में इसके उद्घाटन की योजना है। ऐसे में सभी पार्टियां इस अस्पताल के निर्माण की उपलब्धि अपने नाम करने में जुटी हैं। माना जा रहा है कि इसके बन जाने से कोल्हान के लोगों को इलाज की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

छोटा गोविंदपुर में पाइपलाइन मरम्मती का कार्य किया शुरू

पाइपलाइन मरम्मती का कार्य करता मजदूर • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने छोटा गोविंदपुर में पेय जल पाइपलाइन मरम्मती का कार्य शुरू कर दिया है इस सबंध में सोमवार को छोटा गोविंदपुर में आयोजित उपायुक्त के साप्ताहिक जनता दरबार में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पाइप लिकेज से हो रही पानी की बबार्दी का मामला उठाया थो उपायुक्त ने मौके पर कार्यपालक अभियंता को पाइपलाइन मरम्मती के निर्देश दिए थे जिसके बाद सोमवार से काम शुरू हो गया ।

गोविंदपुर क्षेत्र में पेयजल समस्या के समाधान को लेकर धालभूम के अनुमंडलाधिकारी पीयूष सिन्हा ने जनता दरबार के बाद ही हुडको में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया थो वहीं अनुमंडलाधिकारी की अगुवाई में प्रशासनिक टीम भी बनी है `जो पेयजल समस्या के समाधान को लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगी।

इंस्टीट्यूट फार एजुकेशन की जमीन को लेकर उपायुक्त से की गयी शिकायत

कॉलेज प्रबंधन ने कहा- मामला हाईकोर्ट में, शिकायतकर्ता पर हमने किया है केस

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: गम्हरिया प्रखंड के उप प्रमुख कैय्याम हुसैन ने सरायकेला डीसी को पत्र लिखकर सरायकेला अंचल के विजय ग्राम स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन का निर्माण सरकारी जमीन पर होने की शिकायत की है।

पत्र में उप प्रमुख ने कहा है कि सरायकेला के मौजा विजय में इस बीएड कॉलेज के तीन मंजिला भवन के निर्माण का आधा हिस्सा कॉलेज की अपनी जमीन पर तथा आधा हिस्सा सरकारी जमीन पर है। उप प्रमुख ने कहा कि अगर उन्हें जिला स्तरीय न्यायालय से न्याय नहीं मिलता है तो वे इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय रांची में याचिका दायर करेंगे।

उपप्रमुख ने कहा कि वे इसकी कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक बीएड कॉलेज के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे यह प्रतीत होता है कि जिला प्रशासन की मिलीभगत से बीएड कॉलेज का सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हुआ है। इसलिए वे आखिरी बार डीसी को पत्र लिख रहे हैं। अब वे शीघ्र उच्च न्यायालय की शरण में जाएंगे।

इस संदर्भ में कॉलेज के निदेशक आरएन मोहंती ने बताया कि इस मामले में वह हाईकोर्ट में केस लड़ रहे हैं। फिलहाल न्यायालय से स्टे आर्डर प्राप्त है। उन्होंने शिकायतकर्ता पर आरोप लगाया कि कॉलेज की पांच हजार ईंट की चोरी की थी, जिसकी शिकायत सरायकेला थाना में जून 2018 में की गयी थी। इस मामले में वह आरोपी हैं। अब तक इस पर कोई कार्रवाइ नहीं की गयी है। शिकायतकर्ता तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते रहे हैं।

BRIEF NEWS

बावनगोड़ा केबिन के पास अधेड़ व्यक्ति का शव मिला, होटल में करता था काम

Jamshedpur: परसुडीह थाना अंतर्गत बावनगोड़ा केबिन के पास एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया। बताया जाता है कि बीती रात लोगों ने देखा कि एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। यह अंदेशा जताया जा रहा है कि गर्मी के कारण व खुले आसमान के नीचे सोया था जिससे उसकी मौत हुई है। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही खुलासा हो पाएगा कि वह मौत का कारण क्या है। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से उसकी पहचान करने की कोशिश की जिसके बाद लोगों ने बताया कि मृतक परसुडीह में ही किसी होटल में काम करता है और वह शंकर महतो के होटल में काम करता है। वह होटल का कारीगर था। वहीं कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि वह नशा का आदि था। वही यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह नशा कर-के कहीं जा रहा था जिससे उसे ठोकर लग गई होगी और वह रास्ते पर गिर गया होगा। प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक होटल में ही रहता था।

एलएलबी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, कॉलेज की ओर से मेधा सूची तैयार कर लिया जाएगा दाखिला

Jamshedpur: कोल्हान विश्वविद्यालय ने कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज में संचालित एलएलबी कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की ओर से जारी सूचना में कहा गया है कि परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम कालेज की वेबसाइट www.jclc.co.in पर जाकर देख सकते हैं। सूची इसमें कॉल 269 परीक्षार्थियों के अंकों को प्रदर्शित किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि अब कॉलेज की ओर से मेधा सूची का प्रकाशन वर्ष 120 सीटों पर एडमिशन लिया जाएगा। इसके लिए नामांकन कमेटी का गठन किया गया है। वही कोऑपरेटिव लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ जितेंद्र कुमार की ओर से बताया गया कि जल्दी मेधा सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा इसे छात्र कालेज की वेबसाइट के साथी नोटिस बोर्ड पर भी देख सकेंगे। नामांकन प्रक्रिया अगले एक हफ्ते में शुरू कर दी जाएगी। विदित हो कि सत्र 2022-25 के लिए प्रवेश परीक्षा पिछले महीने ली गई थी। अगर इस सत्र की बात करें तो इसमें पहले ही 1 साल का विलंब हो चुका है।

टाटा के स्टील प्लांट में हादसा, 19 से अधिक मजदूर घायल, दो की हालत नाजुक

Jamshedpur: टाटा स्टील के ओड़िशा के ढेंकनाल जिला स्थित मेरामंडली प्लांट (अधिग्रहित भूषण स्टील) में बड़ा हादसा हुआ है। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे मेरामंडली प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस में काम के दौरान ब्लास्ट व गैस लीकेज में 19 मजदूर घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार ब्लास्ट फर्नेस का इंस्पेक्शन और इसमे आयी खराबी को टीक करने में कुछ मजदूर और सुपरवाइजर के साथ इंजीनियर लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक ब्लास्ट हुआ, जिससे गर्म पानी और गैस का लीकेज हो गया, इस दौरान वहां काम कर रहे 19 मजदूर घायल हो गये। घायलों में इंजीनियर भी शामिल है।

इस घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गयी। वहीं मामले की सूचना मिलते ही टाटा स्टील की रेस्क्यू टीम ने कई मजदूरों को घटना स्टल से रेस्क्यू किया और स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया है,जहां प्राथमिक इलाज के बाद सभी को कटक ले जाया गया है। ढेंकनाल एसपी ज्ञानरंजन महापात्रा ने बताया कि कंपनी के अंदर एक वाल्व था, जिससे गर्म पानी जाता है, वह अचानक से फट गया जिसकी वजह से यह घटना घटी। पुलिस की ओर से बताया गया कि वह इस मामले की जांच कर रही है। वहीं टाटा स्टील की ओर से अब तक इसकी अधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गयी है। लेकिन इस घटना की चर्चा जमशेदपुर स्थित प्लांट में भी पूरे दिन रही।

मौसम हुआ सुहाना, 18 से 20 जून के बीच मानसून के प्रवेश की संभावना

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: शहर में मौसम एकाएक सुहाना होने से भारी गर्मी के बीच में लोगों ने ली राहत की सांस ली। आकाश में काले बादल व हल्की हवाएं भी चल रही हैं। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए बताया कि पूर्वी सिंहभूम में बारिश होने की संभावना जताई है। जमशेदपुर व इसके आस पास के क्षेत्रों में काले बादल छाए हुए हैं पिछले दिन भी शहर के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई थी। मौसम विभाग के अनुसार अभी प्री मानसून के तहत हल्की बारिश हो रही है। विभाग ने बताया कि 18 से 20 जून के बीच झारखंड में मानसून के प्रवेश होने की संभावना है। जिसके तहत

आसमान में छाये बादल • फोटोन न्यूज

जमशेदपुर समेत पूरे झारखंड में बारिश होगी। इससे पहले मंगलवार सुबह से ही कड़ाके की धूप थी जिससे आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दोपहर 12 बजे 43 डिग्री सेल्सियस थी। दोपहर 3 बजे से अचानक मौसम में आये बदलाव से आम लोगों ने राहत की सांस ली।

बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 9 जुलाई को

Jamshedpur: कोल्हान विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। इसके तहत प्रवेश परीक्षा 9 जुलाई को आयोजित होगी। मिसेस केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यह प्रवेश परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक संचालित होगी। केंद्र में इंट्री का समय सुबह 9 बजे निर्धारित किया गया। कोल्हान विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 4 जुलाई से परीक्षार्थी विवि की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकेंगे।

आज कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय यज्ञ की होगी शुरूआत

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: भगीरथवंशी शहीद आत्मा शांति महायज्ञ समिति की ओर से 14 जून से तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। यज्ञ का आयोजन आदित्यपुर स्थित जय प्रकाश उद्यान में किया जायेगा । 14 को सुबह 8 बजे कलश यात्रा निकाली जायेगी। उसी दिन शाम 4 बजे से प्रवचन का आयोजन किया जायेगा। अगले दिन 15 जून की सुबह 8 बजे हवन का आयोजन किया जायेगा। उसके बाद शाम 4 बजे से प्रवचन शुरू होगा। अंतिम दिन 16 जून को सुबह 8 बजे से गीता पाठ का आयोजन किया जायेगा। इसके बाद गायत्री परिवार एवं आर्य समाज द्वारा हवन

का आयोजन किया जायेगा। उसी दिन दोपहर 1 बजे सीख समाज द्वारा अरदास का आयोजन किया जायेगा। उसके बाद दोपहर 1:00 बजे से महाभंडारा का आयोजन होगा। यज्ञ में विशेष रूप से चित्रकूट धाम से पधारे 108 स्वामी सीताराम शरण जी महराज पूरे यज्ञ में प्रवचन का रसपान कराएंगे। समिति ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। समिति ने बताया कि देश के बंटवारे के समय सरकारी आंकड़े के अनुसार 2000000 हिंदुओं का कत्ल कर दिया गया था। ऐसे परिवार के परिवार उसमें समाप्त हो गए थे । अभी तक श्रद्धांजलि या उनके नाम पर तर्पण करने वाले भी उनका कोई नहीं बचा था। ऐसे में सभी सामाजिक कार्यकर्ता आपस में विचार विमर्श कर आजादी के 76 वर्ष के बाद इस पवित्र कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में हरि बल्लभ सिंह आरसी, ए.के. श्रीवास्तव, सुधीर कुमार, रमेश कुमार, शिवपूजन सिंह, मिथिलेश प्रसाद श्रीवास्तव, अनीता सिंह, कन्हैया दुबे, दिनेश कुमार सिंह, सतीश सिंह, हंसराज मिश्रा, दीपक कुमार, जमुना तिवारी व्यथित, मंगल सांडील, डी.डी.त्रीपाठी, रविन्द्र प्रताप सिंह, मनोज मिश्र, रघुनाथ प्रसाद दिनेश सिंह उमाशंकर तिवारी, मुनमुन चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे ।

शहर में प्रतिदिन बिहार, बंगाल, ओडिशा से आ रहे है 25 से 30 गाड़ी आम

खूब खाइये आम, बाजार में कम हो गये हैं दाम

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: फलों के राजा आम भला किसे पसंद नहीं आम की मिठास व मनमोहक खुशबू हर किसी को पसंद आती है। हम बात कर रहे हैं जमशेदपुर की। पिछले मई महीनें से शहर के हर सड़क, मंडी ,चौक, चौराहों पर फलों के राजा आम ही आम दिखाई दे रहे हैं। इस साल हर शहरवासियों के थाली में आम दिखाई दे रहा है। इसका मुख्य कारण पूरे देश भर में आम की पैदावार अच्छी हुई है। पिछले साल की तुलना में इस साल आम फलों के अनुकूल मौसम बना रहा। आंधी, पानी ज्यादा नुकसान किया जिसके फलस्वरूप 500 प्रतिशत आम फलों की पैदावार में वृद्धि हुई। शहर में प्रतिदिन हजारो किलो आम की खपत हो जा रही है। प्रतिदिन विभिन्न राज्यों से 25 से 30 गाड़ी आम की आवक हो रही है। अनुमानतः शहरवासी

ठेले पर सजे आम • फोटोन न्यूज

प्रतिदिन हजारों किलो आम खा रहे हैं।

साथ ही आम की कीमतों में पिछले पांच वर्षों में कम है। कीमतों में कमी का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि 100 रुपया में 3 से 4 किलो आम मिल रहे हैं। वहीं पिछले साल 70 से 120 रुपये किलो कीमत थी। दुकानदारों के अनुसार आम की होल सेल रेट 20 से 30 रुपये किलो है। वहीं खुदरा में 30 से 50 रुपये किलो है। शहर में सबसे ज्यादा 'लगंडा' आम की आवक बिहार के भागलपुर से हो रही है। साथ ही मुजफ्फरपुर और उत्तर प्रदेश से हो रही है। दुकानदार बताते हैं कि इस बार हर जगह आम की पैदावार बम्पर हुई है।

मई महीने में उड़ीसा और बंगाल से आम्रपाली, सिंदूरी, दशहरी, बैगनपिल्ली, बंबईया आमों की आवक खूब हुई थी। हालांकि अभी भी वहां से आम लगातार आ रहे हैं। फिलहाल बिहार की आम बाजार में छाए हुए हैं। शहर में प्रतिदिन बिहार, बंगाल और ओडिशा से 25 से 30 गाड़ी माल पहुँच रहे हैं। इस साल आम के छोटे व्यापारी भी खुश है छोटे व्यापारी भी 8 से 10 पिकअप आम को दूसरे शहर से मंगवा रहे है।

शहर में आम की वर्तमान कीमत

लंगड़ा	-	30 से 50 रुपये किलो (खुदरा)
लंगड़ा	-	20 से 25 रुपये किलो (होलसेल रेट)
बंबईया	-	25 से 30 रुपये किलो (होलसेल रेट)
हेमसागर	-	25 से 35 रुपये किलो (होलसेल रेट)

> प्रतिदिन 60 से 100 किलो आम की बिक्री हो जाता है इस बार पिछले पांच वर्षों में सबसे सस्ता है आम सस्ता होने से ज्यादा से ज्यादा खरीदारी कर रहे है
>
> **शाहरुख, फल दुकानदार, बिष्टुपुर**

> आम के फलों के अनुकूल मौसम होने से पैदावार ज्यादा हुई है इसलिए आम बाजार में ज्यादा आ रहे है भागलपुर से लंगड़ा आम की बिक्री ज्यादा है
>
> **मुन्ना, फल दुकानदार, साकची,**

CBSE ने किया बोर्ड परीक्षाओं में बदलाव जुलाई के बाद से आयोजित होंगे सत्र

कैचअप सेशन से छात्र समझेंगे बदला परीक्षा पैटर्न

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: सीबीएसई स्कूलों में 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के बदले पैटर्न को समझाने के लिए कैचअप सेशन चलेगा। बोर्ड ने हाल ही में 10वीं के परीक्षा पैटर्न में बदलाव किया है। नए पैटर्न के तहत परीक्षा में अब मल्टीपल च्वॉइस सवालों की संख्या बढ़ाई जाएगी और लांग व शॉर्ट क्वेश्चन आंसर को कम वेटेज दिया जाएगा। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी इस बात पर जोर देती है कि लर्निंग पर अधिक फोकस्ड होना चाहिए जिससे बच्चे की क्रिएटिव और क्रिटिकल थिंकिंग को निखारा जा सके। बोर्ड की मार्किंग स्कीम के हिसाब से विद्यार्थियों को बेसिक समझने के साथ आंसर राइटिंग के तौर-तरीके बताए जाएंगे।

इसका फायदा उन्हें बोर्ड परीक्षा में होगा। हर साल प्री-बोर्ड और प्रैक्टिकल की परीक्षा नंवबर से

जनवरी के बीच ली जाती है, इससे पहले विद्यार्थियों को इन कैचअप सेशन में बोर्ड परीक्षा से संबंधित पूरी जानकारी दी जाएगी। जिससे वह बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

थिंकिंग बेस्ड सवाल में अटके बच्चे : इस बार बोर्ड परीक्षा में पाया गया कि बच्चों की राइटिंग स्किल में बदलाव आया है, वह सब्जेक्टिव सवालों का आंसर बेहतर तरीके से नहीं दे पाए थे, जिस कारण उनके नंबर कटे हैं। अधिकतर बच्चे थिंकिंग बेस्ड सवालों का जवाब नहीं दे पाए थे। इसलिए ऐसे सेशन का आयोजन होगा। एमसीक्यू पेपर्स हल करने में मदद होगी। यह सत्र सप्ताह में एक से दो बार होगा। इसका आयोजन जुलाई के बाद से होगा।

निजता की रक्षा

देश में इस अफवाह से सनसनी फैल गई थी कि कोविन में दर्ज डाटा लीक हो गया है, मगर केंद्र सरकार ने तत्काल पड़ताल करते हुए स्पष्ट कर दिया कि कोई डाटा चोरी नहीं गया है। खासतौर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय निशाने पर आ गया था और विपक्ष के अनेक नेता सरकार पर हमलावर हो गए थे। कोविन पर करोड़ों लोगों का डाटा दर्ज है। यह वही कोविन है, जिसके जरिये देश में टीकाकरण हुआ है। कोविन को एक सफल पंजीकरण व्यवस्था माना गया है और इसके जरिये भारत ने अपने ऐतिहासिक टीकाकरण अभियान को सफलतापूर्वक चलाया है। कोविन अगर न होता, तो भारत जैसे देश में राष्ट्रव्यापी स्तर पर टीकाकरण अभियान चलाना असंभव था। कोविन ने न केवल लोगों के टीकाकरण को दर्ज किया, टीके की दूसरी खुराक लेने के प्रति भी सजग रखा। पता नहीं कैसे कोविन पर सवाल उठ खड़े हुए? अफवाह फैल गई कि कथित तौर पर लीक डाटा को ह्यरेड फोरमह्व नामक वेबसाइट पर बिक्री के लिए रखा गया है। इससे कोविन पर ही नहीं, बल्कि सरकार के समग्र डाटा सुरक्षा तंत्र पर सवाल उठ खड़े हुए थे। वाकई, अगर डाटा लीक होना महज अफवाह है, तब भी सरकार को अपनी पड़ताल पूरी करनी चाहिए। यह अच्छी बात है कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मामले की जांच करेगा। अगर कोविन में थोड़ी सी भी सेंधमारी हुई हो, तो भी यह गंभीर अपराध है। दोषियों को छोड़ना नहीं चाहिए। यह भी जांच होनी चाहिए कि क्या कोविन का डाटा लीक करने की साजिश हो रही है? क्या ऐसे अवैध डाटा विक्रेता बाजार में हैं, जो कोविन का डाटा हथियाने की फिराक में घात लगाए बैठे हैं? अगर ऐसी कोई साजिश हो रही है, तो यह न केवल गोपनीयता या निजता का उल्लंघन है, बल्कि यह राष्ट्र की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी है। भारत दुनिया की सबसे विशाल आबादी वाला देश है और जाहिर है, यह एक बड़ा बाजार भी है, अतः यहां लोगों से संबंधित आंकडे. न जाने कितनी कंपनियों की स्वार्थ-पूर्ति का माध्यम बनेंगे? अतः सरकार को पूरी गंभीरता से कदम उठाने चाहिए। सरकारी सर्वर को चाक-चौबंद करना जरूरी है। भारतीयों का डाटा सौ तालों में सुरक्षित रहना चाहिए। हर कोई केवल अपना डाटा देख सके, बिना सहमति या ओटीपी के किसी को भी किसी अन्य का डाटा देखने की इजाजत नहीं होनी चाहिए। सरकार भी बहुत जरूरी होने पर ही इस डाटा का सदुपयोग करे। कोविन की जितनी प्रशंसा की जाए कम है, इसके जरिये भारत में कोविड वैक्सीन की 2.2 अरब खुराक दी गई है। अनुमान के अनुसार, 80 करोड़ के करीब लोगों को टीका लगा है। अगर किसी कंपनी या अपराधी को इतने लोगों का एकमुश्त डाटा चाहिए, तो उसकी जगह जेल में है। बहरहाल, सरकार ने आश्वस्त किया है कि कोविन पोर्टल सुरक्षित है। वेब एप्लिकेशन फायरवॉल, एंटी-डीडीओएस, एसएसएल/ टीएलएस, नियमित भेद्यता मूल्यांकन, पहचान व एक्सेस प्रबंधन आदि के साथ इस पर अधिक सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

सूरज की लपटें

मौसम में इस बार वैसे ही कम अनिश्चितता नहीं है। मानसून ने देरी से केरल में दस्तक दी है और वह कुछ कमजोर भी दिख रहा है, इसलिए आशंकाएं ढेर सारी हैं। एक दूसरा सच यह भी है कि उत्तर और मध्य भारत में जब सूरज का ताप अपने चरम पर होना चाहिए, तब पश्चिमी विक्षोभ एक के बाद दूसरा प्रगट हो रहा है। कुछ विशेषज्ञ कह रहे हैं कि जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग हो रही है, उसमें तो यह सब होना ही था। मगर इसी बीच वैज्ञानिक एक अन्य खतरे की ओर इशारा कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगले कुछ दिनों तक सूरज अपना रौद्र रूप दिखा सकता है और यह कई तरह से हमारे लिए परेशानी का कारण बनने वाला है। बल्कि, उसने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू भी कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले साल की शुरूआत तक सूरज कई बार भभक सकता है और हमारी कई व्यवस्थाओं के लिए यह खतरा बन जाएगा। यह प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभी 5 जून को ऐसी ही एक भभक सूरज से निकली थी, जो सीधे हमारी पृथ्वी की दिशा में बढ़ी। हालांकि, 250 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चलने वाली यह लपट बहुत ताकतवर नहीं थी और धरती के पास पहुंचते-पहुंचते कुछ मंद भी पड़ गई। मगर हर बार शायद किस्मत इतनी अच्छी न हो। इंसानों के लिए सीधे सूरज को देखना संभव भी नहीं है और आंखों के लिए यह खतरनाक भी हो सकता है। लेकिन अगर हम सूरज की छवि देखें, तो उसकी सतह पर फफोले जैसे धब्बे दिखाई देते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि हर 11 साल बाद ये फफोले फूटते हैं और उनसे भारी मात्रा में ऊर्जा बेहद तेज गति से निकलती है। उसमें सिर्फ ताप नहीं होता, बल्कि चुंबकीय तरंगें भी होती हैं। इसे हम ह्यसोलर स्टॉर्मह्व यानी सूरज की आंधी या फिर ह्यसोलर फ्लेयरह्व या सूरज की लपट कहते हैं। यह हमेशा से ही होता रहा है और ज्यादतर मामलों में ये लपटें धरती के वातावरण पर एक हद से ज्यादा असर नहीं डाल सकतीं। लेकिन समस्या एक दूसरी जगह है। हम संचार तकनीक के जिस युग में हैं, वहां अनेक मानव निर्मित उपग्रह सुदूर आसमान में हर वक्त धरती के आसपास चक्कर काटते रहते हैं। ये उपग्रह हमारे संचार नेटवर्क, हमारे टेलीफोन, हमारे टेलीविजन और इंटरनेट की दुनिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

करवट लेता भारतीय सिनेमा

ANALYSIS

मृत्युंजय दीक्षित

धीरे-धीरे दर्शकों में यह समझ उभरने लगी कि उनके साथ छल हो रहा है। उन्होंने अनुभव किया कि वामपंथी और तथाकथित सेक्युलर इस महत्वपूर्ण माध्यम का उपयोग वृहद हिंदू समाज और संस्कृति को अपमानित करने और युवा हिन्दू को अपने धर्म और संस्कार से दूर ले जाने के लिए कर रहे हैं। इस बीच फिल्म जगत ने कुछ ऐसे कार्य किये जो देशद्रोह की श्रेणी में रखे जा सकते हैं। इन लोगों ने याकूब मेनन जैसे खूंखार आतंकी को बचाने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखने का अभियान चलाया। आमिर-शाहरुख-नसीर को भारत में डर लगने लगा। अपनी फिल्मों के प्रचार के लिए ये टुकड़े-टुकड़े गैंग से जा मिले, जिसके बाद दर्शकों के एक बहुत बड़े वर्ग में आक्रोश की ज्वाला भड़क उठी। हिंदी फिल्मों के बहिष्कार का आह्वान होने लगा और हालात यह हो गए कि बड़े-बड़े स्टार माने जाने वाले लोगों की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर पानी भी नहीं मांगा। बीते कुछ वर्षों में दर्शकों की रुचि और प्यार में बदलाव आया।

राजा हरिश्चंद्र से आज तक भारतीय सिनेमा ने न केवल तकनीकी विकास वरन कला और वैचारिक प्रधानता के भी कई दौर देखे हैं ।आज की पीढ़ी को एंग्री यंग मैन का समय स्मरण है जब सामाजिक समस्याओं से उकताए लोग सुनहरे पर्दे पर अमिताभ बच्चन को बीस-बीस गुंडों को मारने के काल्पनिक दृश्य देखकर तालियां बजाते अपनी कुंठा से बाहर निकलने का प्रयास करते थे। फिर खान बंधुओं की फिल्मों का समय प्रारम्भ हुआ और एंगर की जगह रोमांस ने ले ली। इन्हीं खान बंधुओं ने ग्रे शेड वाले हीरो को जन्म दिया और अपराध को महिमा मंडित करने लगे और लोग उनके लिए दीवाने होने लगे। इस सबके बीच सामानांतर सिनेमा भी चलता रहा । धीरे-धीरे दर्शकों में यह समझ उभरने लगी कि उनके साथ छल हो रहा है। उन्होंने अनुभव किया कि वामपंथी और तथाकथित सेक्युलर इस महत्वपूर्ण माध्यम का उपयोग वृहद हिंदू समाज और संस्कृति को अपमानित करने और युवा हिन्दू को अपने धर्म और संस्कार से दूर ले जाने के लिए कर रहे हैं । इस बीच फिल्म जगत ने कुछ ऐसे कार्य किये जो देशद्रोह की श्रेणी में रखे जा सकते हैं । इन लोगों ने याकूब मेनन जैसे खूंखार आतंकी को बचाने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखने का अभियान चलाया। आमिर-शाहरुख-नसीर को भारत में डर लगने लगा। अपनी फिल्मों के प्रचार के लिए ये टुकड़े-टुकड़े गैंग से जा मिले, जिसके बाद दर्शकों के एक बहुत बड़े वर्ग में आक्रोश की ज्वाला भड़क उठी । हिंदी फिल्मों के बहिष्कार का आह्वान होने लगा और हालात यह हो गए कि बड़े-बड़े स्टार माने जाने वाले लोगों की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर पानी भी नहीं मांगा । बीते कुछ वर्षों में दर्शकों की रुचि और प्यार में बदलाव आया। वह अब हिंसा और अश्लीलता से भरपूर बेढंगी कहानियों पर आधारित फिल्मों का पूर्णतः बहिष्कार कर उन्हें सुपर फ्लॉप कर रहा है। वहीं किसी सत्य, ऐतिहासिक घटना व तथ्यों पर आधारित घटनाओं और कहानियों पर बनी फिल्मों का हृदय से स्वागत कर रहा है । उत्तर-दक्षिण और भाषा का भेदभाव लगभग समाप्त हो गया है । रुचि पूर्ण कथ्य किसी भी भाषा में हो, राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति जा जा रहा है । बजट महत्वपूर्ण नहीं रहा। अतः छोटे स्टार कास्ट और नवोदित अभिनेता अभिनेत्री भी चल पड़े हैं। भारतीय सिनेमा में राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति का सकारात्मक पक्ष दृष्टिगोचर होने लग गया है। एक तथ्य यह भी है कि सत्य कहने वाली फिल्मों पर जमकर राजनीति हो रही है, भारत विरोधी और छद्म धर्मनिरपेक्षता-वाले लोग जो आज तक भारतीय संस्कृति का उपहास करके पैसा कमाते थे अब सच सामने लाने वाली फिल्मों का प्रदर्शन रोकने के लिए न्यायपालिका के दरवाजे भी खटखटा रहे हैं। एक समय था कि लोग भारतीय सिनेमा के कंटेंट से प्रभावित होते थे किंतु अब भारतीय सिनेमा राजनीति में आए बदलाव से प्रभावित हो रहा है।

भारतीय सिनेमा में बदलाव का यह दौर विक्की कौशल अभिनीत फिल्म उरी -द सर्जिकल स्ट्राइक के साथ प्रारम्भ हुआ। इसमें सिंतबर 2016 में भारतीय सेना के पाकिस्तान की नियंत्रण रेखा पार कर सर्जिकल स्ट्राइक की घटना को जीवंत किया गया है। इस फिल्म ने राष्ट्रवाद की ज्वाला धधका दी थी और जनमानस में फिल्म के संवाद बहुत लोकप्रिय हुए । उरी की सफलता ने एक बड़ी लकीर खींच दी । इन्हीं एक-दो वर्षों में तान्हाजी, मणिकर्णिका जैसी फिल्मों ने भी दर्शकों को अपनी ओर खींचा जबकि आम मसाला फिल्मों की कमाई बंद होने लगी। आश्चर्यजनक रूप से कश्मीरी हिन्दुओं की त्रासदी पर आधारित विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द कश्मीर फाइल्स ने सफलता के झंडे गाड़ दिए हैं, बहुत ही कम बजट की इस फिल्म ने 250 करोड़ से अधिक का कारोबार कर दिखाया। इस फिल्म की सफलता ने दर्शकों की बदलती रुचि का दस्तावेज लिख दिया और फिल्म जगत को करवट लेने को बाध्य कर दिया । पिछले दिनों, केरल में मतांतरण की घटनाओं व हिंदू युवतियों का ब्रेनवॉश करके उन्हें आईएसआइएस जैसे खूंखार आतंकी संगठनों में धकेले जाने पर आधारित फिल्म द केरल स्टोरी को भारी सफलता मिल रही है। इस फिल्म को लेकर भी खूब राजनीति हुई । इसे लेकर भारत की राजनीति दो धड़ों में बंट गई। बहुत छोटे बजट की यह फिल्म अब तक 230 करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुकी है। फिल्म की सफलता से गदगद निमार्ता विपुल शाह ने द केरल स्टोरी पार्ट 2 बनाने का भी ऐलान कर दिया है। इस फिल्म से हिंदू समाज की बेटियों में भी जागृति आ रही है। केरल में धर्मांतरण की शिकार 26 बेटियों ने सार्वजनिक रूप से अपनी कहानी सुनकर फिल्म की सत्यता की पुष्टि की। आने वाले कुछ महीनो में ऐसी कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इनमें चुनाव बाद बंगाल में हुई हिंसा पर आधारित द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल है। इससे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राजनीतिक रूप से असहज हैं । राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि यह फिल्म 2024 के पूर्व ममता दीदी को परेशान कर सकती है। एक अन्य फिल्म जो चर्चा में है वो है अजमेर -92। इसमें अजमेर के दरगाह शरीफ में 1992 में हिंदू समाज की बेटियों को लव जिहाद में फंसाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म और मतान्तरण के लिए मजबूर किए जाने की सत्य घटना को दिखाया गया है। इससे कुछ मुस्लिम नेताओं का गुस्सा अभी से सातवें आसमान पर है। गुजरात के गोधरा में घटी घटना पर आधारित फिल्म भी प्रदर्शन के लिए तैयार है। फिल्म हूरें 72 भी चर्चा में है। कंगना रनौत इमरजेंसी के निर्माण में व्यस्त हैं। स्वातंत्र्य वीर सावरकर के जीवन पर आधारित रणदीप हुड्डा की फिल्म भी शीघ्र ही प्रदर्शन के लिए तैयार होगी । तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री के सुपर स्टार निखिल सिद्धार्थ ने भी एक नई फिल्म की घोषणा की है। इसका नाम है- द इंडिया हाउस। यह फिल्म भी वीर सावरकर को ही समर्पित है । इसी वर्ष निखित एक फिल्म स्पाई लेकर आ रहे हैं। यह नेताजी सुभाष चंद्र बोस के रहस्य की कहानी है। यह 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। नई तरह की सत्य घटनाओं और तथ्यों तथा भारतीय संस्कृति पर आधारित छोटे बजट की बड़ी फिल्मों में माधवन की रॉकेटरीझ्द नम्बी इफेक्ट और ऋषभ शेट्टी की ह्लकान्ताराह्व का नाम सम्मिलित किए बिना सूची पूरी नहीं होती। अगले वर्ष लोकसभा चुनाव के पूर्व ही अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा, इसी कड़ी में अयोध्या आंदोलन को जीवंत बनाने के लिए तथा जनमानस को इस आन्दोलन का स्मरण दिलाने के लिए अरुण गोविल अभिनीत फिल्म 695 की शूटिंग तेजी से चल रही है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

सत्ता के बंधन में राजनीति की गांठें

संसद के नए भवन का विवादों के बीच हुआ उद्घाटन देश में नए राजनीतिक ध्रुवीकरण के संकेत भी दे गया। बेशक बहिष्कार करने वाले 20 दलों की संख्या कम नहीं आंकी जा सकती, पर उससे ज्यादा दल उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। बहिष्कार करने वाले दल वे ही थे, जो अक्सर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार और भाजपा की आलोचना करते रहे हैं, लेकिन शामिल होने वाले दलों में वे भी शामिल रहे, जो तटस्थ नीति अपनाते रहे हैं। तर्क दिया जा सकता है कि इन दलों ने देश में लोकतंत्र के नए मंदिर के उद्घाटन के अवसर की गरिमा को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया होगा, पर सत्ता केंद्रित राजनीति में विशुद्ध राजनीति से इतर कारणों से कहां कुछ होता है? विपक्षी एकता के दूत के रूप में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश भर में घूम रहे हैं। अब आगामी 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की एक बैठक होने जा रही है, जिसमें उन सभी दलों के शामिल होने की उम्मीद है, जो अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के विरुद्ध समान विचारधारा वाले दलों की एकता पर जोर देते रहे हैं। हालांकि, एकजुटता दिखाने का मौका पिछले दिनों कर्नाटक के मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण के दौरान भी मिला था, लेकिन उस पर इन दलों के अंतर्विरोधों का साया पड़ने से नहीं रह सका। आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं बीआरएस मुखिया के. चंद्रशेखर राव को उसमें बुलाया नहीं गया तो बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी गईं नहीं। बीजू जनता दल, जनता दल-सेक्युलर, बसपा, शिरोमणि अकाली दल, टीडीपी और वाईएसआर कांग्रेस के नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का यह अर्थ निकालना गलत तो नहीं होगा कि वे भाजपा विरोधी मोर्चे का हिस्सा नहीं बनेंगे। ऐसे में यह समझ पाना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि भाजपा से मुकाबले के लिए सभी गैर भाजपा या गैर राजग दलों की जरूरी एकता संभव नहीं दिखती। यह भी कि जिन दलों में एकता संभव लगती है, उनमें भी अंतर्विरोध से कहीं ज्यादा परस्पर दुराग्रह हैं, जिसके चलते भाजपा से निपटने से पहले एक-दूसरे को निपटाने की कोशिशें भी जारी हैं। सोनिया गांधी और राहुल गांधी से केंद्रीय जांच एजेंसियों की पूछताछ पर आम आदमी पार्टी के नेताओं के बोल किसी से छिपे नहीं हैं, लेकिन शराब घोटाले से लेकर दिल्ली सरकार के अधिकारों तक के मुद्दों पर अब जब खुद संकट में हैं तो उन्हें कांग्रेस का समर्थन चाहिए। तमाम विपक्षी नेताओं से समर्थन मांग रहे अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मिलने का समय मांगा, लेकिन इस मामले में कांग्रेस किसी जल्दी में नहीं लगती। दलगत राजनीति की ऐसी ही गांठों का दूसरा संकेत यह है कि नीतीश-ममता-शरद पवार सरीखे क्षत्रप चाहते हैं कि तेलंगाना, आंध्र, केरल और दिल्ली को छोड़कर कांग्रेस अपनी भूमिका पिछले लोकसभा चुनाव में जीती और दूसरे नंबर पर रही सीटों तक ही सीमित रखते हुए अन्य क्षेत्रीय दलों के लिए मैदान खुला छोड़ दे। यह रणनीति लोकसभा की कुल 543 में से 474 सीटों पर भाजपा के विरुद्ध एक ही साझा विपक्षी उम्मीदवार उतारने से प्रेरित बताई जा रही है, पर इस गणित के हिसाब से कांग्रेस के हिस्से मात्र 244 सीटें ही आएंगी। उनमें से कांग्रेस कितनी जीत पाएगी और शेष सीटों पर उसके संगठन-नेता-कार्यकताओं का क्या होगा? कर्नाटक में जीत के बाद तो कांग्रेस इस फामूर्ले पर कतई नहीं मानेगी, लेकिन इससे क्षेत्रीय दलों का कांग्रेस के प्रति सोच का संकेत तो मिल ही जाता है। ये दल भाजपा से लड़ना चाहते हैं, उसमें कांग्रेस के सहयोग के महत्व का अहसास भी उन्हें है, पर वे इस प्रक्रिया में कांग्रेस को उसका खोया हुआ जनाधार वापस पाते नहीं देखना चाहते, क्योंकि उनका राजनीतिक भविष्य कांग्रेस की कमजोरी पर टिका है। ऐसा नहीं है कि गठबंधन राजनीति की जरूरत सिर्फ गैर भाजपा खेमे को महसूस हो रही है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में अपने दम पर बहुमत हासिल करने वाली भाजपा को भी राजग की याद उसके स्वर्ण जयंती वर्ष में आ गई है, जिसे नए सिरे से संवारने की तैयारी हो रही है। नए संसद भवन के उद्घाटन में कुछ ऐसे भी राजनीतिक दल शामिल हुए, जो अतीत में राजग का हिस्सा रह चुके हैं और भविष्य में फिर बन सकते हैं। शिरोमणि अकाली दल से भाजपा का रिश्ता कृषि कानूनों पर टूटा था, जो अंततः वापस भी हो गए। अलग-अलग चुनाव लड़कर दोनों ही दलों को अपनी सीमाओं का अहसास हो चुका है। इसलिए अगले लोकसभा चुनाव से पहले इनकी दोस्ती की संभावना प्रबल है। जनता दल सेक्युलर सुप्रीमो एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने प्रधानमंत्री मोदी की जैसी प्रशंसा की है-वह बहुत कुछ कह देती है। चंद्रबाबू नायडू ने राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं में राजग छोड़ मोदी के विरुद्ध मोर्चा खोला था, पर युवा जगनमोहन रेड्डी के हाथों आंध्र की सत्ता भी गंवा बैठे। हाल में उनकी अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात फिर दोस्ती का संकेत दे रही है। जगन की वाईएसआर कांग्रेस वक्त-जरूरत मोदी सरकार का साथ देती रही है, पर चुनावी राजनीति के इन दो परस्पर विरोधी ध्रुवों का एक साथ राजग में हो पाना तो संभव नहीं लगता। तब जगनमोहन रेड्डी क्या करेंगे? देखना दिलचस्प होगा। पांचवीं बार मुख्यमंत्री बने नवीन पटनायक को ओडिशा की राजनीति में किसी गठबंधन की जरूरत नहीं। हां, राष्ट्रीय राजनीति में उनकी जरूरत दोनों खेमों को होगी। बसपा की स्थिति तो बिल्कुल ही अबूझ है। पिछला लोकसभा चुनाव वह अपनी धुर विरोधी सपा से मिल कर लड़ी थी, अगले चुनाव में क्या होगा?

Social Media Corner

सच के हक में...

वर्ष 2021 से प्रतिवर्ष 15 नवंबर के दिन, 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाने की शुरूआत की गई है। इस उत्सव से सभी जनजातीय समुदायों को एक-दूसरे के साथ भावनात्मक स्तर पर जुड़ने का एक अच्छा अवसर मिलता है। मुझे विश्वास है कि इस गौरव दिवस को मनाने की परंपरा निरंतर मजबूत होती जाएगी।

(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)

मेरे गृह ज़िले गिरिडीह में शराब कंपनी और सेल्समैन की साठगांठ से करोड़ों रुपए के गबन का मामला प्रकाश में आया है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें भी उसी छत्तीसगढ़ी कंपनी की संलिप्तता सामने आई है जो वहां जांच के आंच में फंस चुकी है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने शराब नीति के नाम पर घोटाले का ऐसा जाल बुना कि इसमें झारखंड और सोरेन राज परिवार के झारखंडी राजकुमार को भी फंसा लिया। हेमंत सोरेन जी किस लालच में छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाने के लिए लालायित थे? राजस्व की हो रही भारी क्षति की जिम्मेदारी कौन लेगा? सरकार का माय बाप कौन है? मैं फिर कह रहा हूँ, आने वाले दिनों में झारखंड में भी शराब घोटाले का बहुत बड़ा मामला सामने आएगा। हां, जांच एजेंसियों का हाथ साहब के गले तक भी जाना तय मानिये। बस इंतजार करिये और आगे-आगे देखते जाईये।

(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)

चंदेरी दुर्ग और पराक्रम की कहानियां

मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर में बेतवा (बेत्रवती) एवं (उर्वसी) नदियों के मध्य विंध्याचल की सुरम्य वादियों से घिरा ऐतिहासिक नगर चंदेरी और उसका दुर्ग (किला) हमारी धरोहर है। यह नगर महाभारत काल से लेकर बुंदेलों तक की विरासत को संभालकर रखे हुए है। यहां समृद्धि, सांस्कृतिक-धार्मिक विरासत, त्याग, प्रेम और शौर्य, समर्पण, वीरता एवं बलिदान की गाथाओं की अनुभूति होती है। यह छोटा-सा सुंदर शहर अपनी रेशमी साड़ियों (चंदेरी की साड़ियों) के लिए विश्व प्रसिद्ध है। चंदेरी उनको भी लुभाता है, जिन्हें कला और संस्कृति के रंग सुहाते हैं। यहां केवल किला ही प्राचीन स्थापत्य नहीं है बल्कि चंदेरी की गली-गली में ऐतिहासिक धरोहर बिखरी है। आज का चंदेरी, नये और पुराने रंगों के संयोजन से तैयार एक खूबसूरत तस्वीर की तरह नजर आता है। जैसे किसी बुनकर ने रेशम की साड़ी में जगह-जगह सोने के धागों से फुलकारी की हो। किले से ही तीन-चार ऊंची पहाड़ियां नजर आती हैं, जो एक समय में चंदेरी के निगरानी के केंद्र थे। चंदेरी के दर्शनीय स्थलों में त्रिकाल चौबीसी, बत्तीसी बावड़ी, कौशक महल, कटीघाटी, बादल महल, रामनगर महल, सिंहपुर महल, लक्ष्मण मंदिर, शक्तिपीठ जागेश्वरी देवी मंदिर, फुआरी के हनुमान मंदिर की सुंदरता, जामा मस्जिद और शहजादी का रोजा शामिल है। जैन अतिशय क्षेत्र खंदारगिरी और सकलकुड़ी जैसे धार्मिक महत्व के स्थान भी पर्यटकों के मन को शांति और ऊर्जा प्रदान करते हैं। उर्वशी नदी के किनारे गुफाओं में बने शैलचित्र भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। ये शैलचित्र इस बात के साक्षी हैं कि चंदेरी प्रागैतिहासक काल से एक जीवंत शहर है। यहां का संग्रहालय महत्वपूर्ण है। आज किले की चारदीवारी अवैध अतिक्रमण में गुम होती जा रही है। अतिक्रमणकारियों ने चंदेरी नगर के परकोटे पर कब्जा कर लिया है। कई स्थानों पर उसको तोड़कर पत्थर निकाल लिए हैं। चंदेरी का इतिहास महाभारत काल से जुड़ता है। चंदेरी, भगवान श्रीकृष्ण की बुआ श्रुति के पुत्र शिशुपाल की राजधानी थी। उस समय इसका उल्लेख चेदी राज्य के रूप में आता है। पांचवीं-छठवीं शताब्दी में जिन 16 जनपदों का उल्लेख मिलता है, उनमें सातवां महाजनपद चेदी था। वर्तमान चंदेरी शहर से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर जंगल में आज भी बूढ़ी चंदेरी में प्राचीन शहर के अवशेष बिखरे पड़े हैं। कालांतर में यह शहर काल के गाल में समा गया और नौवीं शताब्दी के बाद से वर्तमान चंदेरी अस्तित्व में आने लगा। चंदेरी के किले में लगे शिलालेख के अनुसार, चंदेरी में सांस्कृतिक गतिविधियां चंदेलों के समय (9वीं शताब्दी ई.) से प्रारंभ हो जाती हैं। वर्तमान चंदेरी नगर को 10वीं-11वीं शताब्दी में प्रतिहारवंशी राजा कीर्तिपाल ने बसाया और इसे अपनी राजधानी बनाया। इतिहासकार अलबरूनी एवं इब्नबतूता ने भी अपने लेखन में चंदेरी की समृद्धि एवं महत्व का वर्णन किया है। चंदेरी के शासक मेदनी राय और बाबर के बीच 29 जनवरी, 1528 को हुए भयानक युद्ध के बाद क्रूर आक्रांताओं से अपने स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए रानी मणिमाला के साथ 1600 क्षत्राणियों ने किले पर जौहर किया था। उन महान वीरांगनों की स्मृति को अक्षुण्य रखने के लिए चंदेरी के किले पर जौहर स्मारक बनाया गया है। इसके समीप ही प्रसिद्ध संगीतज्ञ बैजू बावरा का समाधि स्थल भी है। चंदेरी, संगीत सम्राट बैजू बावरा की जन्मभूमि भी है। बैजू बावरा के जीवन से जुड़ी अनेक कहानियां यहां की हवा में तैरती हैं। जौहर स्मारक के सामने ही किले के प्रमुख स्थापत्य कीर्ति महल का पृष्ठ भाग दिखायी पड़ता है। भविष्य में आप कीर्ति महल की विशाल दीवार पर प्रकाश एवं ध्वनि कार्यक्रम के माध्यम चंदेरी की कीर्तिगाथा सुन सकेंगे।

I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS

झारखंड में उच्च शिक्षा की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और भी खराब हो चुकी है। हाल में जारी एक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह साबित भी हो चुका है। यह एक बड़ा कारण है कि स्कूलिंग के बाद इस राज्य के युवा बड़ी संख्या में दूसरे राज्यों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हैं। यह स्थिति तब है जब पिछले कई दशक से उच्च शिक्षा में सुधार और युवाओं का पलायन रोकने के दावे किए जाते रहे हैं। राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों की कमियों को उजागर कर उन्हें दूर करने की तत्काल आवश्यकता है। ऐसा नहीं किया गया तो स्थिति और खराब हो जाएगी। फिर संभालना और भी मुश्किल हो जाएगा। हालांकि एक संभावना राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की पहल से नजर आ रही है। वे खुद आगे बढ़कर गंभीरता दिखाई रहे हैं। पहल भी कर रहे हैं। विश्वविद्यालयों का भ्रष्टाचार किसी से छुपा हुआ नहीं है। सबसे पहले इसपर ध्यान देना होगा। राज्यपाल कहते भी रहे हैं कि आने वाले दिनों में राज्य के विश्वविद्यालयों में काफी सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा है कि लोग कितने भी धनी हो जाएं, लेकिन बिना शिक्षा के जीवन को बेहतर नहीं बनाया जा सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि कुछ अच्छा होगा।

दीपेश निराला, प्रदेश अध्यक्ष, ऑल इंडिया लायर्स फोरम।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

किसी भी कीमत पर खैरबनी में नहीं बनने देंगे कचरा प्लांट: ग्राम सभा

कचरा निस्तारण संयंत्र व ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर का किया विरोध, बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए शामिल

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: गोविन्दपुर के समीप खैरबनी में प्रस्तावित ठोस कचरा निस्तारण प्लांट के निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध जारी है। पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा निर्माणकर्ता एजेंसी के कर्मचारियों को काम करने से रोक दिया गया था। मंगलवार को भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। जहां खैरबनी सामुटोला मे हातु मुडां दिकू मेलगांडी की अध्यक्षता मे बृहत ग्राम सभा का अयोजन माझी पारगना माहल धाड़ दिसोम और 12 मौजा मुडां मानकी संघ उपस्थिति मे आयोजित किया गया। मंच का संचालन संग्राम हेम्ब्रम ने किया। इस ग्राम सभा में खैरबनी ठोस कचड़ा निस्तारण संयंत्र एवं मनपीटा ग्राम मे प्रस्तावित हैवी वीकल मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया। कहा गया कि तत्कालिन राज्य सरकार निर्देश अनुसार खैरबनी मे कचड़ा संयंत्र के लिए आयोजित ग्राम सभा मे रद्द की गई थी। आज पुनः खैरबनी सामुटोला ग्राम सभा मे संकल्प लिया गया किसी भी हालत मे खैरबनी सामुटोला मे कचड़ा संयंत्र बनने नही दिया जाएगा।

ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीण • फोटोन न्यूज

किसने क्या कहा

कृष्णा लोहार ने कहा कि पाँचवीं अनुसूची क्षेत्र में पेसा कानून का उल्लंघन कर बिना ग्राम सभा के खैरबनी मे कचड़ा संयंत्र लागाने का प्रयास और मनपीटा मे हैवी वीकल मोटर ड्राइविंग सेन्टर बनाए जाने का प्रयास संविधान का घोर उल्लंघन है। जिसे ग्राम सभा किसी भी कीमत पर बरदाश्त नही करगी। वहीं देश परानिक लेदम किस्कू ने कहा की शहर के सोंदर्यकरण के लिए पार्क बनाया जा रहा है, और गांव के वातावरण को दूषित करने के लिये कचड़ा संयंत्र बनाया जा रहा है इसे माझी माहाल बरदाश्त नहीं करेगी। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे डेमका सोय ने कहा कि पिछली सरकार से हमलोगों ने सीएनटी/ एसपीटी एक्ट संशोधन लिए लड़ाई लड़े।यदि भूमि बैंक खारिज नही हुआ तो वर्तमान सरकार से भी लड़ाई लड़ेंगे। जबकि माझी बाबा दीपक मुर्मू ने कहा कि सामुटोला ग्राम को शहर का कचड़ा के लिए डस्टबिन बनने नही दिया जाएगा।

यह प्रस्ताव पारित किया गया

- दिनांक 14/06/2023 को जिला प्रशासन प्रखंड कार्यालय मे ग्राम सभा से संवाद के लिए बुलाया गया है, ग्राम सभा इसे खारिज करती है। और ग्राम सभा पत्र के माध्यम से प्रखंड पदाधिकारी को पत्र देगी और गाँव मे आ कर ग्राम सभा मे अपना बात रखे।
- भूमि बैंक नीति झारखंड सरकार रद्द करें।
- भूमि अधिग्रहण संशोधन कानून 2018 रद्द करे झारखंड सरकार ।
- मनपीटा मे हैवी वीकल ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर को भी खारिज किया जाता है।
- बृहत ग्राम सभा परसुडीह थाना क्षेत्र को नगर परिषद् का गठन का विरोध करती है।

प्रशासन आज ग्रामीणों के साथ करेगी संवाद: कचरा प्लांट का ग्रामीणों द्वारा लगातार किए जा रहे विरोध को देखते हुए उपायुक्त ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने के लिए एक टीम गठित की है। उपायुक्त के द्वारा गठित इस टीम में एडीसी, धालभूम के एसडीएम, डीसीएलआर, जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी, आदित्यपुर नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी, जमशेदपुर के बीडीओ और निर्माणकर्ता एजेंसी के प्रतिनिधि शामिल किए गए हैं। हालांकि मंगलवा की ग्राम सभा की बैठक में प्रशासन की ओर से बुधवार को आयोजित कार्यक्रम का वहिस्कार किया गया है।

गुड़ाबांधा में आंधी से टूटा बिजली का पोल

आंधी-तूफान से टूटा बिजली का पोल • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: गुड़ाबांदा प्रखंड में मंगलवार को आंधी से कई घरों को नुकसान पंहुचा है. बिजली के पोल, सोलर जल मीनार के प्लेट आदि टूट गये हैं. प्रखंड के गोबरादुमा स्कूल टोला में दोपहर बाद आई आंधी से बिजली का पोल टूट गया है. सुनाराम मुंडा की झोपड़ी भी आंधी से गिर गई. गांव में स्थित सोलर जल मीनार का एक प्लेट भी उड़ गया है. कांचन मुंडा के घर का छप्पर भी आंधी से उड़ गया है. ग्रामीण लक्ष्मण मुंडा ने बताया कुछ समय की आंधी से कई ग्रामीणों को नुकसान हुआ है.

BRIEF NEWS

ईसाई समुदाय ने संत एंथोनी की पुण्य तिथि पर निकाली पालकी यात्रा

Jamshedpur: ईसाई धर्म के संत एंथोनी के पुण्य तिथि पर मंगलवार को धूमधाम से सोनारी के खूंटाडीह से लोयोला चर्च तक पालकी यात्रा निकाली गई. इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए. पालकी यात्रा संत एंथोनी फाउंडेशन द्वारा निकाली गई. मौके पर संत एंथोनी फाउंडेशन के अनूप डेनियल ने कहा कि इटली के संत एंथोनी की पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष 13 जून को पालकी यात्रा निकाली जाती है. संत एंथोनी फाउंडेशन का गठन वर्ष 1927 में किया गया था. डेनियल ने कहा कि शाम को लोयोला चर्च से सोनारी खूंटाडीह स्थित चर्च के लिए पालकी यात्रा निकाली जाएगी. इसमें ईसाई समुदाय के हजारों लोग शामिल होंगे. फाउंडेशन द्वारा समाज के गरीब लोगों को समय समय पर सहयोग किया जाता है. इसमें स्वास्थ्य शिक्षा एवं बुजूर्ग लोगों को हर तरह से सहयोग किया जाता है.

शनिवार से गायब हैं मऊभंडार के शिशिर

Jamshedpur: घाटशिला थाना क्षेत्र के मऊभंडार ए ब्लॉक निवासी 55 वर्षीय शिशिर पाल के गुमशुदगी का एक मामला प्रकाश में आया है. इस संबंध में उनकी पत्नी सुप्रिया पाल ने मऊभंडार ओपी में पति की गुमशुदगी का लिखित सूचना दी है. लिखित आवेदन में बताया गया है कि बीते शनिवार की शाम 6 बजे के बाद से वे अचानक गायब हो गए हैं. 4 दिन तक काफी उनकी खोज खबर की गई. लेकिन उनका ठिकाना कहीं नहीं मिला. इस संबंध में ओपी में एक लिखित शिकायत करते हुए उनकी खोजबीन करने का आग्रह की है. सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह घर पहुंच उनके परिवार वाले से मिले. उन्होंने परिवार वालों को धैर्य रखने की बात करें तथा अन्य माध्यम से भी खोजबीन करने का प्रयास किया जाएगा.

बहरागोड़ा में आसमानी बिजली की चपेट में आने से महिला घायल

Jamshedpur: बहरागोड़ा प्रखंड के चिंगड़ा गांव निवासी कुर्शीद बीबी (28) मंगलवार की दोपहर आसमानी बिजली की चपेट में आकर जख्मी हो गयी. जानकारी के मुताबिक वह अपने घर के आंगन में बैठी हुई थी. इसी बीच बारिश होने लगी और आसमानी बिजली कड़की. वह उसकी चपेट में आ गई. स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया. जहां उसका इलाज जारी है. जानकारी के मुताबिक उसकी स्थिति में सुधार है.

AJSU के बैनर तले ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

Jamshedpur: चाकुलिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को आजसू के विधानसभा प्रभारी फनीभूषण महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में बीडीओ देवलाल उरांव को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा. सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि प्रखंड के विभिन्न गांवों में गर्मी के दिनों में लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है. गांव में खराब चापाकलों की जल्द से जल्द मरम्मत की जाए. प्रखंड के ढेंगाम गांव में सुलभ शौचालय निर्माण में काफी अनियमितता बरती गई है. निर्माण पूर्ण होने के पहले ही ध्वस्त हो गया है. इसकी जांच कर संबंधित ठेकेदार के पर कार्रवाई हो.

जर्जर बिजली तार एवं पोल बदलने के लिए जिप सदस्य ने सौंपा ज्ञापन

Jamshedpur: घाटशिला के कई क्षेत्रों में जर्जर बिजली के तार तथा क्षतिग्रस्त बिजली पोल को बदलने की मांग को लेकर मंगलवार को घाटशिला जिला परिषद सदस्य सह जन वितरण प्रणाली समिति के अध्यक्ष कर्ण सिंह ने विद्युत कार्यपालक अभियंता की अनुपस्थिति में कनीय अभियंता को ज्ञापन सौंपा. इस संबंध में जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह ने बताया कि घाटशिला के कई क्षेत्रों में बिजली के तार जर्जर अवस्था में है. वहीं पोल भी खराब स्थिति में है. ऐसी स्थिति में कई दुर्घटनाएं हुई हैं और बड़ी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है. लेकिन इस संबंध में विभाग के बड़े अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं.

CHANDIL में शिविर लगाकर मन का मिलन पखवाड़ा की दी जानकारी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला-खरसावां के निर्देशानुसार मंगलवार को चांडिल अनुमंडलीय न्यायालय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत लुसाडीह गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया. मौके पर पीएलवी कार्तिक गोप ने ग्रामीणों को बताया कि मध्यस्था पर आधारित विशेष अभियान मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत किए जा रहे विवादों के निपटारे की जानकारी दी.

उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, छुआछूत से संबंधित विवाद, जमीन से संबंधित विवाद जैसे पुराना से पुराना सुलहनीय विवादों का निपटारा निशुल्क किया जा रहा है. अभियान में यह बताया गया कि मध्यस्था न सिर्फ समय और धन को बचाती है बल्कि साथ में रिश्तो भी टूटने से बचाते है.

जहां आम मुकदमे के निपटारे में समय लगता है वहीं मध्यस्था में कम समय मे निपटारा हो जाता है. इस संबंध में पीएलवी कार्तिक गोप ने ग्रामीणों को मन का मिलन पखवाड़ा में भाग लेने की अपील की.

कार्यक्रम में रुपलाल माझी, गोपाल माझी, लंबोधर माझी, भोलानाथ माझी, घासीराम माझी, बिरो माझी, शीतला माझी, समला माझी, चांदमनी माझी, छोटे माझी समेत बड़ी संख्या मे ग्रामीण शामिल थे.

जागरूकता अभियान में शामिल ग्रामीण • फोटोन न्यूज

कुष्ठ उन्मूलन के लिए सहियाओं को दिया प्रशिक्षण

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा में 15 जून से 28 जून तक चलने वाले राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंगलवार को प्रखंड की सभी सहियाओं को प्रशिक्षण दिया गया. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. उत्पल मुर्मू ने सभी सहियाओं को कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में बताया. साथ ही रोग की पहचान तथा उसके निराकरण के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए. बीडीटी के श्याम मांडी द्वारा रोग की पहचान करने तथा उसके रोकथाम के कई उपाय बताए गए.

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लेप्रोसी प्रभारी चंदन कुमार मन्ना ने सभी सेविकाओं को बताया कि अपने-अपने क्षेत्र का भ्रमण कर कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्ति की पहचान करें और उसका इलाज कराएं.

सारेगामा हम यू-ट्यूब चैनल पर हुआ रिलीज, एक दिन में इस गाने को मिले 2 मिलियन व्यूज

भोजपुरी MUSIC लवर्स पर चला नीलकमल सिंह और दिव्या रालहन स्टारर गाना 'महबूबा हमार' का जादू

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: भोजपुरी म्यूजिक लवर्स को रेट्रो वाली मस्ती देने के लिए भोजपुरी के लोकप्रिय सिंगर नीलकमल सिंह एक नया वीडियो एल्बम लेकर आये है, जिसका नाम 'महबूबा हमार' है उनका नया गाना 'महबूबा हमार' सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है गीत का जादू ऑडियन्स पर खूब देखने को भी मिल रहा है। गाना 'महबूबा हमार' को पुराने बॉलीवुड गाने के रेफरेंस से बनाया गया है, जिसकी खूबसूरती निखर कर आ रही है। गाने के जरिए एक बार फिर से नीलकमल सिंह ने अपनी कला का लोहा मनवाया है। यूं तो उनके एक से बढ़कर एक गाने आते रहते हैं सारेगामा हम भोजपुरी वीडियो को रीच बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ा है



इस गाने की एक और खास बात यह है कि गाने का म्यूजिक वीडियो सेंसेशनल है। इस गाने में दिव्या रालहन की अदाओं का जवाब नहीं। स्क्रीन पर उनका जलवा भी खूब देखने को मिल रहा है। साथ ही नीलकमल सिंह के साथ उनकी केमेस्ट्री भी खूब पसंद की जा रही है। इसको लेकर नीलकमल सिंह ने बताया कि सारेगामा हम भोजपुरी ने इंडस्ट्री में क्रांति लाने का काम किया है। इस चैनल के आने के बाद भोजपुरी गीत संगीत का ग्राफ ऊपर उठा है। नए कॉन्सेप्ट और नई सोच के साथ आज भोजपुरी गाने भी नए हुए हैं, जो लीक से हटकर है। और यह दर्शकों को भी खूब पसंद आ रही है। मेरा यह गाना भी धमाकेदार है, इसलिए मैं दर्शकों से अपील है कि इसे खूब बड़ा बनाएं।

वहीं, सारेगामा हम भोजपुरी के बिजनेस हेड बद्रीनाथ झा ने कहा कि एक और फन लविंग रोमांटिक गाना भोजपुरी के ऑडियन्स के लिए हाजिर है। गाना महबूबा हमार सबों को झूमने पर मजबूर कर देगी। 1 दिन में इस गीत को 2 मिलियन व्यू मिले है

हम भोजपुरी के जोनर को और ग्राफ को आगे ले जाने में अब तक सफल रहे हैं। लेकिन अभी और भी कई चीजें हैं, जिस पर काम करना है। हम भोजपुरी फिल्म लेकर भी आने वाले हैं। लेकिन उससे पहले हमने अपने गानों से ये साबित कर दिया है कि कंटेन्ट अच्छा हो तो दर्शक दिल खोल कर दुआ देते हैं। गाना महबूबा हमार को आज लोग खूब इन्जॉय कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इस पर खूब रील्स भी बनेंगे। बद्री झा ने बताया कि गाना महबूबा हमार को नीलकमल सिंह ने गाया है। दिव्या रालहन इसके म्यूजिक वीडियो को बेहद आकर्षक बनाती नजर आ रही हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी और संगीतकार आर्या शर्मा हैं। पीआरओ रंजन सिन्हा हैं। वीडियो टीम संजु का है। निर्देशक संजय चौरसिया हैं। कोरियोग्राफर लकी विश्वकर्मा हैं। डीओपी योगेश सिंह हैं। प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है।

शिक्षा सचिव की ओर से गठित

तीन सदस्यीय टीम की रिपोर्ट आने तक शिक्षक प्रोन्नति प्रक्रिया को रोके विभाग: शिक्षक संघ

- शिक्षकों की वरीयता सूची पर 145 आपत्ति, कहीं नाम गलत तो किसी ने जन्म तिथि पर उठाए सवाल, कई शिक्षकों का जोन भी गलत

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR: राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को प्रोन्नति प्रारंभिक शिक्षक प्रोन्नति नियमावली 1993 के आलोक में दी जानी है। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय की ओर से इसके लिए शिक्षकों की वरीयता सूची भी जारी की गयी है। लेकिन अब सूची पर लगातार सवाल उठ रहा है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि संबंधित उपयुक्त नियमावली एवं संकल्प या आदेश में वाणिज्य स्नातक योग्यता धारी शिक्षकों को प्रोन्नति हेतु कोई दिशा-निर्देश नहीं है। जिसके फलस्वरूप प्रभावित शिक्षकों ने ग्रेड 4 में प्रोन्नति हेतु माननीय उच्च न्यायालय में वाद संख्या डब्ल्यूपीएस 6008/2022 दायर किया और भी सादृश्य अन्य मामले न्यायालय में विचाराधीन है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची ने प्रारंभिक विद्यालयों में वाणिज्य स्नातक पास योग्यता धारी शिक्षकों की प्रोन्नति स्नातक प्रशिक्षित (सामाजिक विज्ञान) शिक्षक के पद पर करने निमित्त तीन सदस्यीय समिति बनाते हुए एक माह के अंदर प्रतिवेदन मंतव्य सहित मांग की है। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम ने विभाग से मांग की है कि उक्त समिति के प्रतिवेदन आने तक जिले में प्रकाशित वरीयता सूची को लंबित रखा जाए ताकि वाणिज्य स्नातक पास योग्यता धारी शिक्षकों ग्रेड 4 मे प्रोन्नति हो सके सके एवं संबंधित शिक्षकों को न्याय मिल सके। संघ ने कहा कि प्रोन्नति को लेकर जो वरीयता सूची जारी की गयी है उसमें कई प्रकार की खामियां है। हमने विभागा का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट कराया है। वहीं शिक्षा विभाग की ओर से प्रारंभिक स्कूलों के शिक्षकों की वरीयता को लेकर जारी सूची पर दावाआपत्ति दर्ज कराने की सोमवार को अंतिम तिथि थी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभी तक कुल 145 से अधिक दावा आपत्ति अलग अलग शिक्षकों द्वारा दर्ज करायी गयी है। इसमें सबसे अधिक आपत्ति नियुक्ति तिथि, नाम से संबंधित गड़बड़ी को लेकर है। विभाग का कहना है कि इन आपत्तियों को सूचीबद्ध करते हुए उसका निस्तारण नियमानुसार करतेह हुए फाईनल सूची जारी की जाएगी। जिसके आधार पर शिक्षकों को ग्रेड 3, 4 व 7 में प्रोन्नति दी जाएगी।

32 साल बाद एक साथ नजर आएंगे
अमिताभ व रजनीकांत

भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज रजनीकांत और अमिताभ बच्चन एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं ।अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी फिल्मों में स्क्रीन स्पेस साझा करने वाले दोनों, थलाइवर 170 नामक आगामी फिल्म के साथ लगभग 32 वर्षों के बाद स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आएंगे ।गौरतलब है कि रजनीकांत ने हाल ही में जेलर की शूटिंग पूरी की है और वे अपनी बेटी के निर्देशन में बन रही फिल्म लाल सलाम पर काम कर रहे हैं ।दो फिल्मों के बाद, वह जय भीम फेम निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की आगामी फिल्म थलाइवर 170 के साथ काम करते नजर आएंगे ।विचाराधीन फिल्म उनके करियर की 170वीं फिल्म होगी, इसलिए इसे अस्थायी रूप से थलाइवर 170 नाम दिया गया है । इस फिल्म का निर्माण लाइका प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है ।इसी फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन को साइन किया गया है जिसके चलते लगभग 32 साल बाद दोनों दिग्गज हाथ मिलाएंगे ।

अनुप्रिया गोयनका ने किया खुलासा
सेक्रेड गेम्स में इंटीमेट सीन के दौरान
कैसा था सैफ का रवैया?

अनुप्रिया गोयनका अपनी अदाकारी से लाखों दिलों में खास जगह बना चुकी हैं ।अब तक वह कई वेब सीरीज में दमदार एक्टिंग कर चुकी हैं ।उनकी नई सीरीज असुर 2 कुछ ही समय पहले रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है ।अभिनेत्री ने हाल ही में खुलासा किया है कि कैसे सेक्रेड गेम्स में सैफ अली खान के साथ उनके अंतरंग दृश्यों को नेटफ्लिक्स शो के दोनों सीजन से हटा दिया गया था । अनुप्रिया ने कहा कि शूटिंग के दौरान सैफ उनसे ज्यादा जागरूक थे ।उन्होंने कहा कि सैफ हर दृश्य के बाद उनसे उनका हाल जरूर पूछते थे ।बता दें कि सेक्रेड गेम्स में अनुप्रिया ने सैफ की पूर्व पत्नी मेघा का किरदार निभाया था ।हाल ही में आईवीएम पॉप पोडकास्ट पर गोयनका ने कहा, उन्होंने (निर्माताओं ने) मुझे एक डिस्क्लेमर दिया ।मेरे और सैफ के बीच कुछ इंटीमेट सीन होने वाले थे ।शो में एक इंटीमेट सीन था, जिसके लिए हमने शूट किया था, लेकिन सीजन एक से किसी कारण इसे हटा दिया गया था । इस बातचीत में अनुप्रिया ने सैफ की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें बेहद शिष्ट व्यक्ति बताया ।अभिनेत्री ने कहा, वह बहुत शिष्ट, बहुत जानकार और बहुत बुद्धिमान इंसान हैं ।वह जमीन से जुड़े हुए और बेहद प्यारे इंसान है ।मुझे याद है कि जब हम ये इंटीमेट सीन कर रहे थे तो विक्रम ने मुझसे कहा था कि चिंता मत करो उन्हें देखो (सैफ) वह तुमसे ज्यादा जागरूक हैं ।एक्ट्रेस ने आगे कहा कि हर सीन के बाद वह (सैफ) आए और मुझसे पूछा कि क्या तुम ठीक हो ?एक समय के बाद मैंने कहा कि मैं अच्छी हूं, क्या आप ठीक हो ।

गदर को लेकर बोले सनी
ये पंजाबी फिल्म है इसे हिंदी में डब करो

गदर – एक प्रेम कथा (2001) न केवल भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक है, बल्कि एक ऐसी फिल्म है जिसे रिलीज होने के 22 साल बाद भी लगातार पसंद किया जा रहा है और नियमित रूप से देखा जा रहा है । 15 जून 2001 को जब यह सिनेमाघरों में आई तो इसने सिनेमाघरों में तहलका मचा दिया ।इसलिए, जब सनी देओल ने धमाका किया तो चौंकाने वाली बात यह थी कि रिलीज से पहले इंडस्ट्री में इसके बॉक्स ऑफिस की संभावनाओं को लेकर आशंकाएं थीं ।वितरक इसे खरीदने से कतरा रहे थे जबकि कुछ ने सुझाव दिया कि यह एक पंजाबी फिल्म की तरह लगती है ।सनी देओल ने इस पहलू के बारे में शुक्रवार, 9 जून को मुंबई में आयोजित गदर – एक प्रेम कथा के पुन रिलीज़ प्रीमियर में बात की ।सनी देओल ने गदर को सिनेमाघरों में रिलीज करने में आने वाली चुनौतियों पर खुलकर बात की ।सनी देओल ने कहा, जब गदर – एक प्रेम कथा लगी, तब हमें नहीं पता था कि ये फिल्म गदर मचा देगी ।लोग कहते थे, ये पंजाबी फिल्म है ।इससे हिंदी में डब करो ।कुछ वितरकों ने कहा, मैं तो नहीं खरीदूंगा ये फिल्म ।तो हमें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा ।लेकिन जनता को फिल्म इतनी पसंद आई कि उनके सब का मुंह बंद करवा दिया! उन्होंने ही हमें हिम्मत दी है कि हम पार्ट 2 बनाएं ।गदर – एक प्रेम कथा को 9 जून को देश भर में फिर से रिलीज़ किया गया था, क्योंकि सीक्वल, गदर 2, इस साल 11 अगस्त को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है ।पहले भाग की तरह, गदर 2 में भी सनी देओल, अमीषा पटेल और उत्कर्ष शर्मा हैं ।गदर – एक प्रेम कथा पर सनी देओल के साथ चर्चा प्रतिष्ठित हैंडपंप दृश्य के उल्लेख के बिना अधूरी है ।जब सनी से पूछा गया कि क्या वह बदमाशों को मात देने के लिए एक बार फिर से हैंडपंप उठाएंगे, तो सनी देओल ने मजाक में कहा, इस बार लोगों ने सारे हैंडपंप छुपाए ।पहले से ही निकले दिए ।निर्देशक अनिल शर्मा भी मौजूद थे और उन्होंने कहा, मैं फिल्म यही सोच के बनाता हूं कि ये भारत की ही नहीं, विश्व की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर होगी ।कई बार मैं सफल होता हूं और कई बार नहीं ।गदर – एक प्रेम कथा के समय पे मैं सही हो गया ।सनी जी विनम्र हैं ।वह अंदर से जानते हैं कि फिल्म चलेगी ।फिर भी, वह मुझसे पूछते थे, शर्मा जी, चलेगी ? मैं कहूंगा, चलेगी नहीं सर, दौड़ेगी ।

मुम्बई पुलिस का रीमेक नहीं है शाहिद की
कोई शक

इस सप्ताह की शुरुआत में, यह घोषणा की गई थी कि शाहिद कपूर को मलयालम निर्देशक रोशन एंड्रूज़ की अगली फिल्म कोई शक में मुख्य भूमिका निभाने के लिए अनुबंधित किया गया है ।वास्तव में, उद्योग चर्चा ने यह भी कहा कि शाहिद ने परियोजना में काम करने के लिए वेतन में कटौती की थी ।यदि यह पर्याप्त नहीं था, तो खबरों में चर्चा थी कि विचाराधीन फिल्म पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर मुंबई पुलिस की रीमेक होगी ।बॉलीवुड हंगामा के अनुसार रोशन एंड्रयू की फिल्म कोई शक सुकुमारन पृथ्वीराज की मुम्बई पुलिस का रीमेक नहीं है । फिल्म से जुड़े सूत्र ने बताया, कई रिपोर्टें सामने आई हैं जिसमें दावा किया गया है कि शाहिद कपूर के साथ रोशन एंड्रयूज की फिल्म मुंबई पुलिस की रीमेक है । हालाँकि, यह सच्चाई से बहुत दूर है ।कोई शक नामक फिल्म वास्तव में एक मूल स्क्रिप्ट है जिसे विकसित किया गया है ।अभी चीजें प्रारंभिक अवस्था में हैं ।हां, कास्ट और स्क्रिप्ट भी तय कर ली गई है, लेकिन एंड्रयूज चीजों को छुपा रहे हैं ।शूटिंग शुरू होने के बाद और जानकारी सामने आएगी । वर्तमान में, शाहिद कपूर की हालिया रिलीज़ ब्लडी डैडी ओटीटी पर रिलीज़ हुई है, और इसे सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है ।

परी-राघव उदयपुर में
करेंगे शादी

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा एवं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढ़ा उदयपुर की सितारा होटल उदयपुर विलास में शादी करेंगे ।हालांकि दोनों की शादी की तारीख का खुलासा नहीं हुआ है लेकिन प्रबंधन उनकी शादी की जरूरत को लेकर होटल में बदलाव को लेकर काम शुरू करने जा रहा है ।पिछले महीने 13 मई को दिल्ली के कपूरथला हाउस में सगाई के बाद उदयपुर आ चुके परिणीति चोपड़ा तथा सांसद राघव ने यहां कई ऐसे डेस्टीनेशन देखे, जहां उनकी शाही शादी हो सके ।इनमें ओबेराय समूह की सितारा होटल उदयविलास सहित अन्य सितारा होटल शमिल थी ।रॉयल वेडिंग को लेकर उन्होंने कई सितारा होटल एवं रिसोर्ट मालिकों के अलावा पर्यटन विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और उसके बाद उदयपुर को रॉयल वेडिंग के लिए चुने जाने की चर्चा है ।चर्चा है कि दोनों होटल उदयविलास से एक—दूसरे के बंधन में बंधेंगे ।हाल ही प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा सितंबर और नवंबर के बीच शादी की तारीख तय कर सकते हैं ।हालांकि दोनों ने अभी तक अफवाहों की पुष्टि नहीं की है ।उल्लेखनीय है कि परिणीति चोपड़ा की बड़ी बहन प्रियंका चोपड़ा, जो बॉलीवुड़ अभिनेत्री हैं, ने निक जोन्स के साथ जोधपुर की उम्मेद पैलेस होटल में शादी की, जो राजस्थान में है ।दोनों ने अपनी शादी के लिए राजस्थान का ही चुनाव किया और परिणीति भी राजस्थान में शादी करेंगी ।

कार हादसे का शिकार हुईं 'बिग बॉस 14' की विनर रुबीना

'बिग बॉस 14' की विनर और मशहूर टीवी एक्ट्रेस रुबीना दिलाइक के फैंस के लिए बुरी खबर है ।एक्ट्रेस का एक्सीडेंट हो गया है ।उनकी कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है ।इस बात की जानकारी एक्ट्रेस के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला ने सोशल मीडिया के जरिए दी है और बताया कि रूबीना फिलहाल ठीक हैं, उन्हें मेडिकल के लिए ले जा रहे हैं । अभिनव शुक्ला ने अपने ट्विटर हैंडल पर दुर्घटनाग्रस्त कार की फोटोज शेयर कर कैप्शन में लिखा है, यह हमारे साथ हुआ, आपके साथ भी हो सकता है ।फोन पर बात करते हुए ट्रैफिक लाइट्स जंप करने वाले मूर्खों से सावधान रहिए ।इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद सें साझा की जाएगी ।रूबीना कार के अंदर थीं, वह ठीक हैं ।उन्हें मेडिकल के लिए ले जा रहे हैं ।अपनी इस पोस्ट में अभिनव ने मुंबई पुलिस को भी टैग किया और लिखा, मुंबई पुलिस आपसे सख्त कार्रवाई करने का अनुरोध करते हैं ।

शाहरुख और आमिर के साथ
काम के अनुभव पर सान्या ने तोड़ी चुप्पी

दंगल के बाद सान्या मल्होत्रा को खासा पहचान मिली ।फिर उन्होंने पगलैट और कटहल जैसी फिल्मों से खुद को साबित किया है ।31 साल की उम्र में सान्या ने अब तक आमिर खान से लेकर शाहरुख खान के साथ काम कर लिया है ।अब उन्होंने बॉलीवुड के सुपरस्टार के साथ काम करने के अनुभव को शेयर किया है ।31 साल की उम्र में सान्या ने अब तक आमिर खान से लेकर शाहरुख खान के साथ काम कर लिया है. पगलैट और कटहल जैसी फिल्मों से सान्या मल्होत्रा ने खुद को साबित किया है, आज वह बड़े बड़े प्रोजेक्ट कर रही हैं. अब सान्या ने आमिर खान और शाहरुख खान जैसे कलाकारों के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया है. सान्या मल्होत्रा ने बॉलीवुड के दो बड़े खान सितारों के साथ काम कर लिया है ।उनकी डेब्यू फिल्म मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के साथ थी तो हाल ही में उन्होंने शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान में काम किया है ।अब 31 साल की सान्या मल्होत्रा ने इन सितारों के साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किए ।सान्या ने कहा कि दोनों सितारे जिस तरह सेट पर तैयार होकर आते हैं, उससे वह काफी प्रभावित हैं ।सान्या के मुताबिक, दोनों सितारे जिस मुकाम पर हैं, फिल्म में अपने काम को लेकर पैशन की वजह से दोनों उस मुकाम पर पहुंचना डिजर्व करते हैं ।बकौल सान्या इन सितारों के साथ काम करना ना सिर्फ काफी कुछ सिखाता है बल्कि उनकी सफलता की वजहों को समझने का मौका भी देता है ।

14 घंटे तक पानी में रहीं रकुल

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपनी आने वाली फिल्म आई लव यू की तैयारी शुरू कर दी है ।फिल्म के एक सीन के लिए, एक्ट्रेस को दो मिनट 30 सेकंड के लिए पानी के अंदर रहना पड़ा और इसकी तैयारी के लिए एक्ट्रेस ने वह सब कुछ किया जो वह पानी में रहकर कर सकती थी! ट्रेनिंग के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, भावनाओं को गहराई से समझने के लिए फिल्म के लिए मुझे एक खास तरह की सोच की जरूरत थी ।कुल मिलाकर, मैंने अपनी भावनाओं के साथ सही मायने में जुड़ने के लिए एक महीने तक कड़ी तैयारी की ।अंडरवाटर सीक्वेंस के लिए ट्रेनिंग पर अजहान एडनवाला नाम के एक स्कूबा प्रशिक्षक थे जिन्होंने मुझे दो मिनट 30 सेकंड के लिए अंडरवाटर होल्ड करने के लिए ट्रेंड किया । सीक्वेंस दोपहर 2 बजे से सुबह 4 बजे तक शूट किया गया था ।उसे दिन और रात दोनों सीक्वेंस के लिए पानी के नीचे शूट करना था ।तो मैंने उसके कुछ सेंशन किए ।कुल मिलाकर, भावनाओं से जुड़ने और फिल्म के लिए शारीरिक प्रशिक्षण के लिए हर रोज मेहनत की । उन्होंने आगे कहा- अंडरवाटर सीक्वेंस को शूट करने की सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि मैं दोपहर 2 बजे से लेकर सुबह 4 बजे तक पानी में थी और मैं पूरे दिन गीली थी और पानी बहुत ठंडा था ।वे हर शॉट के बाद मेरे ऊपर गर्म पानी डाल रहे थे ताकि मेरा शरीर ज्यादा ठंडा न हो जाए ।पानी में क्लोरीन की वजह से आपकी आंखों में जलन हो रही थी, जोकि एक बड़ी चुनौती थी ।लेकिन मैंने वास्तव में इस चुनौती का आनंद लिया ।